टिप्पणी 11-1 कम्पनी बन्द हो जाने के कारण सकल/निवल ब्लाक के अंतर्गत मौजूद परिसंपत्तियों को सक्रिय उपयोग से निवृत्त किया गया है और उनके निपटान/बट्टे खाते डाले जाने तक के लिए लम्बित रखा गया है क्योंकि यह मामला न्यायालयाधीन है ।

टिप्पणी 11-2 कम्पनी के पास कोलार स्वर्ण क्षेत्र में 12109.70 एकड भूमि उपलब्ध है जिसे केन्द्र सरकार ने दिनांक 28–3–1977 को एक पट्टे के माध्यम से अन्तरित किया है । इसमें से 14.075 एकड भूमि हस्तांतरण करते हुए (1) डाक–तार विभाग को (0.70 एकड) (2) एमएसईबी को (4.98 एकड) (3) खान सुरक्षा महा निदेशालय को (5.74 एकड) और (4) भारतीय खाद्य निगम को (2.66 एकड) भूमि बेची गयी है । शेष 12095.625 भूमि को 500 रुपए प्रति एकड की दर से कम्पनी की भूमि के खाते के अंतर्गत दिनांक 31–3–1978 को पूँजी अंतरण खाते में जमा किया गया है । इसी प्रकार, 0.427 एकड भूमि जो कम्पनी के अधीन थी और जिसके लिए नियमित रूप से लगान का भुगतान किया गया और जिसका स्वत्वाधिकार स्थापित किया गया था को वर्ष 1981–82 के दौरान उसी दर पर खाते में जोडा गया ताकि कम्पनी की लेखा पुस्तिकाओं में पूँजीगत आरक्षण लेखा के अंतर्गत भूमि की वास्तविक स्थिति दर्शायी जा सके । कम्पनी द्वारा 2000 के दौरान उचित स्टैम्प ड्यूटी 6.81 लाख रुपए अदा किया गया है । इसके अलावा आन्ध्र प्रदेश के रामगिरी में मौजूद 83.35 एकड भूमि को उसके खरीदे गए मूल्य पर खाते के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

टिप्पणी 11-3 कम्पनी के पास कम्पनी के उपनगर में कम्पनी के अधिकारी और कर्मचारियों के उपयोग के लिए 10911 आवास गृह मौजूद हैं । इनमें से भारत सरकार के आदेशानुसार 2812 आवास गृहएसटीबीपी योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को दिए गए हैं। बचे हुए 8099 आवास गृहों में से 4477 आवास गृह लीज/किराए पर, 37 आवास गृह राष्ट्रीय खनिक स्वास्थ्य संस्थान और राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान को दिए गए हैं और 4 आवास गृह खाली और परित्यक्त स्थिति में मौजूद हैं । 3581 आवास गृह, सुरक्षा व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद, अनधिकृत तौर पर अपनाए गए हैं । भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही कम्पनी की परिसंपत्तियों के निपटान से संबंधित निर्णय लिया जाएगा ।

टिप्पणी 11-4 कम्पनी की भूमि (लगभग 10 एकड से अधिक), जिसे राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान को अंतरित किया गया था, को कम्पनी के लेखों के अंतर्गत ही रखा गया है क्योंकि उनके स्थायी अंतरण से संबंधित कानूनी और अन्य औपचारिकताएँ अभी पूरी नहीं की गयी हैं । अतः इसका स्वामित्व अभी भी बीजीएमएल के पास ही है ।

टिप्पणी 11-5 2812 आवास भवन निर्मित भूमि, जिसकी मात्रा लगभग 31.90 एकड है, जिसे भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार कम्पनी को बन्द करते समय कार्यरत भूतपूर्व कर्मचारियों को बेचा गया है । कर्मचारियों को बेचे गए 2732 आवास गृहों से लगभग 15 रुपए प्रति वर्ग फीट की दर पर 21691251 रुपए प्राप्त हुआ है जिसे कम्पनी के लेखों अंतर्गत ही दर्शाया गया है क्योंकि उनके स्थायी अंतरण से संबंधित कानूनी और अन्य औपचारिकताएँ अभी पूरी नहीं की गयी हैं । आवास भवनों के साथ जुडी हुई आसपास की भूमि, जिस की मात्रा लगभग 91 एकड हैं, को किस सीमा तक और किस दर पर कम्पनी के भूतपूर्व कर्मचारियों को अंतरित किया जाना है, के संबंध में सरकार द्वारा अभी अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है । अभी 75 आवास गृहों के लिए कर्मचारियों द्वारा भुगतान नहीं किया गया है । उनसे नाममात्र की दर पर मासिक किराया वसूल किया जा रहाा है । 5 आवास गृह खाली और परित्यक्त स्थिति में मौजूद हैं ।

टिप्पणी 11-6 भूमि के अंतर्गत 993 आवास गृह और भूमि जिसकी मात्रा लगभग 1000.00 एकड है, कुछ भूतपूर्व कर्मचारियों और स्थानीय व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से अधिग्रहण कर लिया गया है, सम्मिलित है । कम्पनी के प्रबन्धन द्वारा उन्हें खाली कराने से संबंधित कार्यवाही आरंभ की जा रही है ।

टिप्पणी 11-7 मेसर्स दक्षिण पश्चिमी रेलवे (दपरे) द्वारा मारिकुप्पम (केजीएफ) से कुप्पम (आंध्रप्रदेश) तक नए ब्राडग्रज रेलवे लाइन के लिए 49.7125 एकड भूमि बीजीएमएल से प्राप्त किए जाने का प्रस्ताव किया गया है और इसके लिए माननीय उच्च न्यायालय, कर्नाटक राज्य से अनुमति मांगते हुए आवेदनपत्र संख्या 129/2017 इन सीओपी संख्या 180/2000 समर्पित किया गया है । इस आवेदन को स्वीकृत करते हुए माननीय उच्च न्यायालय, कर्नाटक राज्य अपने आदेश दिनांक 12–6–2017 द्वारा दक्षिण पश्चिम रेलवे को निर्देशित किया गया है कि प्रस्तावित भूमि के मूल्य, जिसका संशोधन उपायुक्त, कोलार द्वारा किया गया है, के रूप में 2.78 करोड रुपए जमा किया जाए । माननीय न्यायालय द्वारा इस मामले का अंतिम निपटान अभी न होने के कारण दक्षिण पश्चिमी रेलवे द्वारा उच्च न्यायालय में जमा की गयी राशि का समायोजन कम्पनी के लेखों के अंतर्गत नहीं किया गया है ।

टिप्पणी 11-8 कुछ यंत्र सामग्री जिसे चैम्पियन रीफ कारखाने से अंतरित कर बीईएमएल द्वारा इस्तेमाल के लिए 2004–05 के दौरान पट्टे पर दी गयी है को कम्पनी की बहियों में इनके खरीदी मूल्य और संचित मूल्यह्रास क्रमशः 95.45 लाख रुपए है को तदनुसार लेखों के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

टिप्पणी 11-9 कोलार स्वर्ण क्षेत्र की खदानों से संबंधित जलपूर्ति साजोसामग्री नगर पालिका परिषद, राबर्टसनपेट, के.जी.एफ. को सुपुर्द की गयी है ताकि नगर पालिका का द्वारा 1–2–2002 से जलपूर्ति की व्यवस्था और उसका अनुरक्षण किया जा सके । जलपूर्ति की इस साजसामग्री को कम्पनी की बहियों में दर्शाया गया है जिसका खरीदी मूल्य और संचित मूल्यह्रास क्रमशः 123.89 लाख रुपए है को तदनुसार लेखों के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

टिप्पणी 11-10 वर्ष 2016–17 के दौरान बीजीएमएल के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों/सरकारी अधिकारियों के साथ एक तकनीकी समिति का गठन किया गया था । उक्त समिति ने बीजीएमएल के विभिन्न कार्यस्थलों/खदानों में मोंजूद परिसंपत्तियों का निरीक्षण/परीक्षण किया ताकि तकनीकी दृष्टि से उनकी साध्यता/उपयोगिता का पता लगाया जा सके ।

टिप्पणी 11-11 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी की भूमि को छोड कर अन्य स्थायी परिसंपत्तियों का मदवार भौतिक सत्यापन एक बाहरी लेखा परीक्षक द्वारा किया गया है और कम्पनी के प्रबन्धन द्वारा उनकी रिपोर्ट स्वीकृत की गयी है । कम्पनी की परिसंपत्तियों का समाधान स्थायी परिसंपत्तियों के रजिस्टर के साथ नहीं किया गया है क्योंकि यह गोपनीय और न्यायालयाधीन है ।

टिप्पणी – 12 दीर्घकालिक ऋण और अग्रिम – दीर्घकालिक जमा

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
अप्रतिभूत, अच्छे माने गए		
जमा – एचसी, केए – बीईएमएल	**1.22**	1.22
जमा – एचसी – अन्य	**0.52**	0.52
जमा – आय कर विभाग में *	**0.09**	0.09
जमा – एपीएसईबी में *	**0.00**	0.00
जमा – एपी कृषि भूमि कर *	**0.10**	0.10
जमा – केए बेसकाम	**0.00**	0.28
कुल	**1.94**	2.21

टिप्पणी 12-1 जमा जिन पर * चिह्न लगाया गया है का समाधान एवं पुष्टीकरण किया जाना है ।

टिप्पणी – 13 दीर्घकालिक ऋण और अग्रिम – अन्य को अग्रिम

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
अप्रतिभूत, संदिग्ध माने गए		
आरओसी परामर्शदाता को प्रदत्त अग्रिम	**0.01**	0.01
प्रतिभूति जमा – परियोजनाएँ *	**0.01**	0.01
कर्मचारियों को ग्रिम – परियोजनाएँ *	**0.17**	0.17
ठेकेदारों को अग्रिम – परियोजनाएँ *	**0.05**	0.05
विक्रेताओं को अग्रिम *	**2.99**	2.99
संदिग्ध ऋण और अग्रिम के लिए प्रावधान एवं मूल्यह्रास	**-2.13**	-2.13
ग्राहक – परियोजना एवं ठेका विभाग – खनन	**0.43**	0.43
प्रावधान – ग्राहक – परियोजना एवं ठेका विभाग – खनन	**-0.43**	-0.43
प्रावधान – ग्राहक – विविध	**0.22**	0.22
एसीएस – बिजली के लिए देयताएँ निजी ग्राहक *	**-0.19**	-0.19
प्रावधान –एसीएस – बिजली के लिए देयताएँ निजी ग्राहक	**0.04**	0.04
	-0.04	-0.04
कुल	**1.13**	1.13

टिप्पणी 13-1 जमा और अग्रिम जिन पर * चिह्न लगाया गया है का समाधान एवं पुष्टीकरण किया जाना है ।

टिप्पणी – 14 अन्य चालू परिसंपत्तियाँ – वस्तुसूची

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
स्वर्ण का भौतिक स्टाक (एफजी) 34.67 ग्राम	**0.01**	0.01
स्वर्ण की हानि के लिए प्रावधान (एफजी) 26.07 ग्राम	**-0.01**	-0.01
चॉदी का भौतिक स्टाक (एफजी) 384 ग्राम	**0.00**	0.00
चॉदी की हानि के लिए प्रावधान (एफजी) 384 ग्राम	**-0.00**	-0.00
चालू कार्य भौतिक *	**0.49**	-0.49
अप्राप्य चालू कार्य के लिए प्रावधान	**-0.49**	-0.49
भण्डार के अंतर्गत स्टाक – केजीएफ और चिगरगुण्टा खान *	**2.29**	2.29
अप्रचलित सामग्री के लिए प्रावधान	**-2.04**	-2.04
भण्डार के अंतर्गत स्टाक – एप्पमाना खान *	**0.01**	0.01
कुल	**0.27**	0.27

टिप्पणी 14-1 वस्तुसूची के अंतर्गत स्क्रैप किए गए ताम्बे के बिजली के तार (जिसे हाल ही में हटाया गया है) सम्मिलित नहीं है जिसका वजन 150 टन और मूल्य लगभग 6 करोड रुपए है जिसके निपटान का अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

टिप्पणी 14-2 इसी प्रकार सतह पर पडे हुए 33 मिलियन टन रेत के ढेरों, जिससे 13.2 मेट्रिक टन स्वर्ण निकाला जा सकता है, को खाते के अंतर्गत नहीं लिया गया है ।

टिप्पणी 14-3 इसी प्रकार 8.6 ग्राम स्वर्ण, 12,386 ग्राम वनज वाले 14 स्वर्ण अयस्क के नमूने, प्लाटिनम के क्रूसिबुल और परीक्षण प्रयोगशाला के मद जिन्हें कार्पोरेशन बैंक, राबर्टसनपेट के लाकरों में रखा गया है और जिनका वास्तविक मूल्य का निर्धारण नहीं किया गया है, को खाते के अंतर्गत नहीं लिया गया है । इसके अलावा 5057 किलो ग्राम वनज के 881 हालोड्रिल स्टील, टीसी इनसर्ट्स

जिन्हें कम्पनी के केन्द्रीय कारखाने में रखा गया है, को लेखों के अंतर्गत सम्मिलित नहीं किया गया है क्योंकि उनसे प्राप्य मूल्य का आकलन नहीं किया गया है ।

टिप्पणी 14-4 वस्तुसूची के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति की ओर से रेल्वे वैगनों के निर्माण के लिए निःशुल्क प्राप्त सामग्री जिसे 35 लाख रुपए के बन्धपत्र के आधार पर कम्पनी के कारखानों में रखा गया, जिसका मूल्य निर्धारित नहीं हो पाया है, सम्मिलित नहीं है । इसमें से कुछ प्रमुख माल वर्ष 2008–09 के दौरान मेसर्स दक्षिण रेल्वे को सौंपने के पश्चात इसका मूल्य समीक्षाधीन वर्ष के दौरान लगभग 80000 रुपए होने का अनुमान लगाया गया है । इसके अलावा कम्पनी के कारखाने द्वारा तैयार किए गए एक वैगन को नमूने के तौर पर कम्पनी के पास ही रखा गया है । रेल प्राधिकरण द्वारा बचे हुए इस्पात और असंपूर्ण स्थिति में पडे हुए उपकरणों को वापस लेने का प्रयास किया जा रहा है ।

टिप्पणी 14-5 इस्तेमाल से हटाए गए तार के रस्सों (लगभग 4 मेट्रिक टन) और रसायनों की कुछ मात्रा जिसका निपटान नहीं किया गया है को कम्पनी के पास ही रखी गयी है । न्यायालय के निर्णय/खरीदकर्ताओं वितरित करने के पश्चात उसका समायोजन किया जाएगा ।

टिप्पणी 14-6 कम्पनी की नीति के अनुसार खानों और मिलों के पास पडे हुए अयस्क का अंतिम स्टाक 340 टन जिसका मूल्यांकन नहीं किया गया है, को खाते में नहीं लिया गया है ।

टिप्पणी 14-7 दिखाई नहीं दे रहे 29.65 ग्राम के बी–ड्रिल के नमूनों, जिसमें 26.07 ग्राम स्वर्ण उपलब्ध है, 384 ग्राम शुद्ध चॉदी और 192.50 ग्राम मिण्ट ड्रास बुलियन, जिसे भारत के टकसाल से प्राप्त किया गया था, के संबंध में मुख्य सतर्कता अधिकारी, भारतीय भूसर्वेक्षण द्वारा जॉच की गयी है । भौतिक रूप से न उपलब्ध स्वर्ण और चॉदी के लिए लेखों के अंतर्गत प्रावधान की व्यवस्था की गयी है ।

टिप्पणी 14-8 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी के विभिन्न भण्डारों में उपलब्ध सामाग्री का भौतिक सत्यापन बाहरी लेखापरीक्षक द्वारा किया गया है । इन परिसंपत्तियों का मूल्यांकन नहीं किया गया क्योंकि यह गोपनीय एवं न्यायालयाधीन है । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कच्चामाल, भण्डार सामग्री, कलपुर्जो आदि की खरीद नहीं की गयी है । वस्तुसूची के अंतर्गत बताए गए मद कम्पनी के विभिन्न स्थानों पर रखे गए हैं और इन्हें हिलाया नहीं गया है और इनका नियंत्रण सुरक्षा गार्डो को सौंपा गया है जो दिनरात इसकी सुरक्षा में लगे हैं ।

टिप्पणी 14-9 वस्तुसूची को गैर–चालू परिसंपत्तियों के रूप में माना गया है क्योंकि जिनका उपयोग न्यायालय के निर्णय पर निर्भर है निकट भविष्य में नहीं हो सकता है ।

टिप्पणी – 15 चालू परिसंपत्तियाँ – नकद और नकद समतुल्य

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
बैंक में उपलब्ध नकद – केनरा बैंक 945926	**0.02**	0.01
बैंक में उपलब्ध नकद – केनरा बैंक 945896	**0.03**	0.04
बैंक में उपलब्ध नकद – एसबीआई – बेंगलूरु	**0.00**	0.01
बैंक में उपलब्ध नकद – एसबीआई संख्या 2 (वीआरएस)	**0.00**	0.00
बैंक में उपलब्ध नकद – केनरा बैंक, केजीएफ	**0.03**	0.00
बैंक में उपलब्ध नकद – केनरा बैंक, रामगिरी	**0.01**	0.01
हाथ में उपलब्ध नकद – केजीएफ	**0.00**	0.00
बैंक जमा (एफडीआर) – कार्पोरेशन बैंक 945926	**2.23**	0.00
बैंक जमा (एफडीआर) – कार्पोरेशन बैंक 945896	**3.90**	5.71
बैंक जमा (एफडीआर) – एसबीआई – बेंगलूरु	**0.00**	0.47
बैंक जमा (एफडीआर) – केनरा बैंक, केजीएफ	**0.25**	0.00
कुल	**6.47**	6.25

टिप्पणी – 16 अन्य चालू परिसंपत्तियाँ – जीएसटी/प्राप्य टीडीएस

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
बैंक सावधि जमा के ब्याज पर टीडीएस	**0.083**	0.07
प्राप्य सीजीएसटी पीपीए	**0.44**	0.00
प्राप्य एसजीएसटी पीपीए	**0.44**	0.00
प्राप्य सीजीएसटी	**0.00**	0.00
प्राप्य एसजीएसटी	**0.00**	0.00
प्राप्य इनपुट सीजीएसटी आरसीएम	**0.37**	0.00
प्राप्य इनपुट एसजीएसटी आरसीएम	**0.37**	0.00
देय इनपुट सीजीएसटी आरसीएम	**-0.08**	0.00
देय इनपुट एसजीएसटी आरसीएम	**-0.08**	0.00
कुल	**1.56**	0.07

टिप्पणी – 17 अन्य चालू परिसंपत्तियाँ – बजीएमल भूमि के इस्तेमालकर्ता से किराया

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
प्राप्य किराया – घरेलू और वाणिज्यिक	**9.96**	7.72
31-3-2020 तक अप्रात्य किराए के लिए संचित प्रावधान	**-8.93**	-7.04
प्राप्य किराया एसटीबीपी	**0.15**	0.00
पूर्वप्रत्त/लम्बित किराया	**-0.14**	0.00
कुल	**1.04**	0.67

टिप्पणी 17-1 कम्पनी के पास कम्पनी के उपनगर में कम्पनी के अधिकारी और कर्मचारियों के उपयोग के लिए 10911 आवास गृह मौजूद हैं । इनमें से भारत सरकार के आदेशानुसार 2812 आवास गृहएसटीबीपी योजना के अंतर्गत कर्मचारियों को दिए गए हैं। बचे हुए 8099 आवास गृहों में से 4477 आवास गृह लीज/किराए पर, 37 आवास गृह राष्ट्रीय खनिक स्वास्थ्य संस्थान और राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान को दिए गए हैं और 4 आवास गृह खाली और परित्यक्त स्थिति में मौजूद हैं । 3581 आवास गृह, सुरक्षा व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद, अनधिकृत तौर पर अपनाए गए हैं । भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही कम्पनी की परिसंपत्तियों के निपटान से संबंधित निर्णय लिया जाएगा ।

टिप्पणी 17-2 वर्ष 1990 से 2001 की अवधि के लिए प्राप्य किराया (18838293.65 रुपए) जिसे इससे पूर्व बट्टे खाते डाला गया था को वापस लिया गया और प्राप्य किराए के रजिस्टर में सम्मिलित किया गया ताकि उन्हें वसूल कर लेखा पुस्तिकाओं में समुचित नियत्रण रखा जा सके । समीक्षाणीन वर्ष के दौरान इस राशि (18838293.65 रुपए) केलिए प्रावधान किया गया है ।

टिप्पणी 17-3 दिनांक 31–3–2020 तक अप्राप्य किराए की राशि में से लगभग 90 प्रतिशत राशि के लिए संचित प्रावधान किया गया है और समीक्षाणीन वर्ष के दौरान प्राप्य किराए की राशि के लिए कोई प्रावधान की व्यवस्था नहीं की गयी है क्योंकि संपदा विभाग द्वारा पुराने और वर्ष 2020 के लिए बकाया किराए की प्राप्ति कुछ सुरक्षा कर्मियों द्वारा किए जाने की संभावना व्यक्त की गयी है ।

टिप्पणी 17-4 एसटीबीपी आवास गृह में रहनेवाले 75 व्यक्तियों से प्राप्य किराया (15,16,375 रुपए) जिसे इससे पूर्व लेखो के अंतर्गत सम्मिलित नहीं किया गया था को अब लेखो के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है ।

टिप्पणी 17-5 आयु वार घरेलू और वाणिज्यिक भवनों के किराए प्राप्य किराए का विवरण निचे बताए अनुसार है :–

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
> 10 वर्ष	**9.21**	7.06
< 10 वर्ष	**0.22**	0.12
< 9 वर्ष	**0.10**	0.13
< 8 वर्ष	**0.07**	0.09
< 7 वर्ष	**0.07**	0.06
< 6 वर्ष	**0.09**	0.06
< 5 वर्ष	**0.07**	0.08
< 4 वर्ष	**0.03**	0.05
< 3 वर्ष	**0.03**	0.03
< 2 वर्ष	**0.03**	0.03
< 1 वर्ष	**0.04**	0.02
कुल	**9.96**	7.72

टिप्पणी 17-5 उपर्युक्त में से 31–3–2020 तक 89284476.65 रुपए संदिग्ध ऋण के लिए प्रावधान के रूप में प्रावधान की व्यवस्था की गयी है ।

टिप्पणी – 18 अन्य चालू परिसंपत्तियाँ – अन्य

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
संचित ब्याज – बैंक सावधि जमा	**0.13**	0.12
कर्मचारियों को अग्रिम – यात्रा ैर अन्य	**0.00**	0.00
ठेकोदारों को अग्रिम	**0.06**	0.00
बीजीएमएल ईपीएफ खाते से प्राप्य	**0.00**	3.04
कुल	**0.19**	3.16

टिप्पणी 18-1 समीक्षाणीन वर्ष के दौरान भविष्य निधि न्यास से संबंधित निवेश समाप्त कर दिए गए और आकलन नियमों के अनुसार प्राप्त राशि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को जमा कर दिया गया । बीजीएमएल के कर्मचारियों से प्राप्य राशि को लाभ/हानि लेखे के अंतर्गत लिया गया है ।

टिप्पणी – 19 अन्य आय

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
(क) ब्याज के रूप में आय		
(i) बैंक जमा से ब्याज	**0.37**	0.33
(ख) किराए के रूप में आय		
(i) उपनगर	**0.73**	0.66
(ii) अन्य किरायों से आय	**0.24**	0.04
(ग) विविध आय	**0.02**	0.00
(घ) पेडों की नीलामी/दण्ड वसूली	**0.01**	0.00
(ड.) प्रावधान जिसकी आवश्यकता नहीं	**0.00**	0.01
कुल	**1.37**	1.05

टिप्पणी – 20 कर्मचारी लाभकारी व्यय

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
वेतन और मजदूरी – आवश्यक कर्मचारी	**0.31**	0.30
कल्याणकारी – चिकित्सा	**0.00**	0.00
नियोक्ता भविष्य निधि/पेंशन	**0.02**	0.00
कुल	**0.34**	0.30

टिप्पणी – 21 सुरक्षा/मजदूरों की आपूर्ति

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
सुरक्षा सेवा ठेका	**3.79**	3.97
मजदूर ठेका	**0.13**	0.11
कुल	**3.91**	4.08

टिप्पणी – 22 अन्य आय

विवरण	**31मार्च, 2020 को करोड रुपए में**	31मार्च, 2019 को करोड रुपए में
लेखा परीक्षा व्यय		
व्यय – सांविधिक लेखा परीक्षा	**0.00**	0.00
शुल्क – सांविधिक लेखा परीक्षा	**0.01**	0.00
अन्य व्यय	**0.00**	0.00
व्यावसायिक शुल्क		
व्यय (परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन)	**0.02**	0.00
शुल्क (परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन)	**0.02**	0.00
व्यय (ड्रोन सर्वेक्षण)	**0.05**	0.00
अन्य व्यावसायिक शुल्क	**0.01**	0.03
मरम्मत और अनुरक्षण		
कार्यालय उपकरण	**0.01**	0.00
भवन	**0.06**	0.05
यात्रा व्यय		
अध्यक्ष एवं प्रवन्ध निदेशक	**0.05**	0.03
अन्य	**0.03**	0.06
अन्य व्यय		
सामान्य विज्ञापन	**0.00**	0.02
बैंक शुल्क	**0.00**	0.00
पुस्तक और पत्रिकाएँ	**0.00**	0.00
प्रासंगिक व्यय	**0.03**	0.03
कानून व्यय	**0.10**	0.03
वाहन किराया शुल्क	**0.11**	0.10
डाक शुल्क	**0.00**	0.00
मुद्रण और लेखन सामग्री	**0.01**	0.01
टेलिफोन और मोबाइल	**0.01**	0.01
बिजली और प्रकाश	**0.02**	0.02
किराया वसूली शुल्क	**0.01**	0.02
कुल	**0.54**	0.42

टिप्पणी – 23 अन्य वित्तीय लागत

(करोड रुपए में)

विवरण	चालू वर्ष 2019-20	गत वर्ष 2018-19
ब्याज खाता – ओवर ड्राफ्ट एसबीआई (एसबीएम)	**45.61**	36.91
ब्याज खाता – भारत सरकार के योजना ऋण पर ब्याज	**13.73**	13.73
ब्याज खाता – भारत सरकार के गैर योजना ऋण पर ब्याज	**24.75**	24.75
ब्याज खाता – भारत सरकार के ऋणों पर दण्ड ब्याज	**25.85**	24.79
ब्याज – एपी सीजीएम रायल्टी पर ब्याज	**0.074**	0.074
ब्याज – एपी ओबीएम रायल्टी पर ब्याज	**0.028**	0.028
ब्याज – केए स्वर्ण रायल्टी पर ब्याज	**3.88**	3.882
ब्याज – केए शीलाइट रायल्टी पर ब्याज	**0.025**	0.025
ब्याज – एपीएसईबी बिली बिलों पर	**0.333**	0.333
कुल	**114.29**	104.52

टिप्पणी – 24 मूल्यह्रास

(करोड रुपए में)

विवरण	चालू वर्ष 2019-20	गत वर्ष 2018-19
मूल्यह्रास – भवन – केजीएफ	**0.15**	0.21
मूल्यह्रास – कार्यालय उपकरण – केजीएफ	**0.01**	0.00
मूल्यह्रास – भवन – वाईएम	**0.00**	0.00
मूल्यह्रास – भवन – सीजीएम	**0.01**	0.01
कुल	**0.17**	0.22

टिप्पणी – 25 प्रावधान और बट्टे खाते

(करोड रुपए में)

विवरण	चालू वर्ष 2019-20	गत वर्ष 2018-19
(क) प्रावधान – संदिग्ध ऋणों के लिए	**-**	-0.51
(ख) प्रावधान – जिसकी कोई आवश्यकता नहीं	**32.94**	-
कुल	**32.94**	-0.51

टिप्पणी 25-1 बेसकाम नई मॉग के अनुसार प्रतिभूति जमा की राशि 2776315 के समायोजन के पश्चात केईबी बिजली बिल/ब्याज (किया गया अतिरिक्त प्रावधान 326734154 रुपए वापस लिया गया) (देखें टिप्पणी 12).

टिप्पणी 25-2 वर्ष 2017–18 और 2018–19 के आरसीएम के लिए देय सेवा शुल्क के लिए किया तृटिपूर्ण प्रावधान 2265013 को अब वापस लिया गया है ।

टिप्पणी 25-3 वर्ष वापस लिए गए अन्य अतिरिक्त प्रावधान रु. 436139/- का विवरण नीचे बताए अनुसार है :–

(रुपए में)

लेखा परीक्षा व्यय	974.00
मजदूर ठेका बिलों का प्रावधान	18426.00
कनूनी शुल्क के लिए प्रावधान	9900.00
मरम्मत और अनुरक्षण के लिए प्रावधान	4590.00
केए डीसी – वाणिज्य कर	56530.00
सामग्री हानि की प्राप्ति के लिए प्रावधान	310120.00
ओआर – उडीसा बिक्री कर	35599.00
कुल	436139.00

टिप्पणी – 26 पूर्वावधि समायोजन

(करोड रुपए में)

विवरण	चालू वर्ष 2019-20	गत वर्ष 2018-19
पूर्वावधि समायोजना लेखा	**1.02**	0.54
कुल	**1.02**	0.54

पूर्वावधि समायोजन का विवरण 2019-20

(करोड रुपए में)

टिप्पणी 26.1 - जीएसटी		
संचित जीएसटी आईआरओ 17-18 और 18-19	0.44	**0.88**
संचित एसजीएसटी आईआरओ 17-18 और 18-19	0.44	
टिप्पणी 26.2 - एसटीबीपी		
आवास बिक्री मूल्य – एसटीबीपी इससे पूर्व नहीं था	-0.08	**0.15**
प्राप्य किराया एसटीबीपी – एसटीबीपी सूची के अनुसार 2018-19 तक	0.16	
एसटीबीपी जमा में कमी	0.07	
टिप्पणी 26.3 - किराया		
जमा में वृद्धि – घरेलू किराया	-0.15	**0.06**
जमा में कमी – वाणिज्यिक किराया	0.30	
पूर्व प्रदत्त किराया 2018-19 तक लेखे में सम्मिलित	-0.09	
1990 से 2001 तक प्राप्य किराया वापस लिखा गया	1.88	
1990 से 2001 तक प्राप्य किराए के लिए प्रावधान	-1.88	
टिप्पणी 26.2 –पीएफ न्यास		
ईपीएफओ लेखा परीक्षा के अनुसार पीएफ में समायोजन	-0.08	**-0.076**
		1.02

टिप्पणी – 21 कम्पनी अधिनियम 2013 के अनुसार आावश्यक अतिरिक्त जानकारी

टिप्पणी – 21.1 आकस्मिक देनदारियॉ (अन्य दावे जो कम्पनी द्वारा देय माने गए हैं)

(करोड रुपए में)

विवरण	चालू वर्ष 2019-20	गत वर्ष 2018-19
ठेकेदारों द्वारा किए गए 122 लाख रुपए के दावों को कम्पनी द्वारा देनदारियों के रूप में नहीं माना गया है । कम्पनी द्वारा ही ठेकेदारों से 191.13 लाख रुपए का दावा किया गया है और यह मामला निर्णयकर्ता के पास मौजूद था । निर्णयकर्ता के निर्णय के खिलाफ कम्पनी ने इस मामले को जिला न्ययायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया है । इस पर अभी निर्णय न हो पाने के कारण लेखों के अंतर्गत कोई समायोजन नहीं किया गया है ।	**1.22**	1.22
कम्पनी बन्द करने से पूर्व कम्पनी के पूर्व कर्मचारियों द्वारा किए गए दावे	**6.44**	6.44
भारत सरकार के ऋणों पर किए गए ब्याज के प्रावधान के संदर्भ में कम्पनी के लेखों और पीएओं, खान मंत्रालय में मौजूद अंतर का समाधान होना बाकी है	**7.36**	7.36
कर्नाटक सरकार द्वारा पर्यावरण सुरक्षा शुल्क की मॉग लम्बित है क्योंकि इस दावे संबंध में उनसे अभी पूर्ण विवरण प्राप्त नहीं हुआ है	**43.81**	43.79
कुल	**58.81**	58.81

टिप्पणी – 27.2 कम्पनी की स्थिति

टिप्पणी – 27.2.1 औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बी.आई.एफ.आर) ने रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अनुसार वर्ष 1992 को दौरान इस कम्पनी को एक रुग्ण इकाई के रूप में घोषित किया गया और बीआईएफआर/एएआईएफआर द्वारा आवश्यक प्रक्रिया को पूरा करते हुए दिनांक 15–11–2000 को रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान)अधिनियम, 1985 धारा 20(1) के अनुसार कम्पनी को बन्द करने के अपने निर्णय को पुष्टीकृत किया गया । तदनुसार श्रम मंत्रालय द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 20(0) के अनुसार दिनांक 1–3–2001 से कम्पनी को बन्द करने की स्वीकृति दिनांक 29–01–2001 को जारी की गयी । कम्पनी के कर्मचारी संगठनों द्वारा कम्पनी को बन्द करने के इन सभी निर्णयों की चुनौती दी गयी है । इसके अलावा कर्नाटक उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के समक्ष मौजूद अन्य सभी रिट पिटीशनों, बीआईएफआर/एएआईएफआर तथा श्रम मंत्रालय के निर्णयों को माननी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा रद्द करते हुए 16–3–2001 को यह आदेश दिया कि बीजीएमएल को पुनर्जीवित करने के उपयों पर विचार किया जाए । कम्पनी के प्राधिकरण द्वारा कर्नाटक न्यायालय के खण्ड पीठ के समक्ष इस निर्णय के खिलाफ अपील किया गया खण्ड पीठ ने दिनांक 19 अप्रैल, 2001 को इस निर्णय पर रोक लगा दिया । तदुपरांत माननीय खण्ड पीठ ने दिनांक 26 सितम्बर, 2003 को रिट पिटीशन संख्याएँ 157–159, 1343, 5118, 7987 और 4503–07 दूर रखते हुए एकल न्यायाधीश के निणर्य दिनांक 16–3–2001 को रद्द किया । खण्ड पीठ द्वारा केन्द्र सरकार को यह भी सिफारिश किया गया कि कम्पनी के कर्मचारियों को कुछ राहत दिए जाएँ और कर्मचारियों के सहकारी संगठन को कम्पनी की भूमि, मशीनरी और उपकरण दिए जाने और आवास गृह तथा कम्पनी की भूमि उनके पुनर्वास के लिए उन्हें बेचे जाने आदि सुझाव दिए गए ।

टिप्पणी – 27.2.2 केन्द्र सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के सुझावों पर 2006 के दौरान विचार करते हुए नीचे बताए गए निर्णय लिए गए है :–

1) *केन्द्र सरकार द्वारा भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए लागू मानी गयी विशेष सेवा समाप्ति योजना को फिर से एक महीने की अवधि के लिए लागू किया जाए । इसके लिए 72.45 करोड रुपए का प्रावधान किया जाए ।*

2) *भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए दिनांक 20–12–2002 से एक महीने की अवधि के लिए एसटीबीपी योजना लागू करने के लिए तदर्थ मंजूरी दी जाए ।*

3) *कर्नाटक राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार कम्पनी के विभिन्न कोटि के आवास गृह कम्पनी के कर्मचारियों को बेचा जाए ।*

4) *कम्पनी की परिसंपत्तियों को बेचे जाने के लिए सार्वभौमिक निविदा सूचनाएँ आमंत्रित की जाएँ ।*

5) *सार्वभौतिक निविदा सूचनाएँ आमंत्रित किए जाने की प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए ।*

6) *निविदा सूचनाओं के आधार पर प्राप्त उत्तम निविदा की दर पर कम्पनी की परिसंपत्तियॉ कर्मचारियों की सहकारी सोसाइटी को दिए जाने का एक प्रस्ताव रखा जाए ।*

7) *कम्पनी की सभी देनदारियों को, जिसकी पूर्ति कम्पनी की परिसंपत्तियों से नहीं की जा सकती है, को बट्टे खाते डाला जाए ।*

8) *विशेष निपटान योजना के अंतर्गत कम्पनी के भूतपूर्व कर्मचारियों को कम्पनी की अतिरिक्त भूमि रियायती दरों पर न बेची जाए और*

सरकार के इन निर्णयों से भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड को बन्द किए जाने की कार्यवाही सुचारु रूप से संपन्न हो सकेगी ।

टिप्पणी – 27.2.3 केन्द्र भारत सरकार द्वारा बजट सहायता जारी करते हुए दिनांक 22–12–2006 से विशेष स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लाभ योजना (एसटीबीपी) कम्पनी के सभी कर्मचारियों, 4 कर्मचारियों जिनपर कानूनी मामले मौजद हैं को छोडकर, के लिए लागू की गयी । कम्पनी के आवास गृहों के लिए वास्तविक निवास स्थान का मूल्य, जैसाकि न्यायालय द्वारा सुझाया गया है, कर्मचारियों से वसूल किया गया जिसे उनके स्वामित्य संबंधित अन्य औपचारियताएँ पूरा करने तक के लिए कर्मचारियों से प्राप्त अग्रिम के रूप में लेखों के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

टिप्पणी – 27.2.4 खान सचिव, भारत सरकार की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालय समिति का गठन दिसम्बर, 2006 में किया गया है ताकि सार्वभौमिक निविदा सूचनाएँ आमंत्रित किए जाने की कार्यवाही की जा सके । वर्ष 2007 के दौरान एक

परामर्शदाता नियुक्त किया गया ताकि कम्वनी की परिसम्पत्तियों पर जानकारी और एक ज्ञापन तैयार किया जा सके और सार्वभौतिक निविदा सूचनाएँ आमंत्रित करने के किए संबंधित अभिलेख तैयार किए जा सके । इस परामर्शदाता द्वारा अंतर मंत्रालय समूह और केन्द्र सरकार के अनुमोदन पर कर्नाटक के उच्च न्यायालय (कम्पनी न्यायालय) के समक्ष एक रिपोर्ट दिनांक 9 जुलाई, 2008 को प्रस्तुत की गयी है । इस पर माननीय उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने जुलाई, 2009 को अपना निर्णय सुनाते हुए मसौदें में कुछ परिवर्तन करते हुए सार्वभौमिक निविदा सूचनाएँ जारी किए जाने के लिए अपनी अनुमति प्रदान की । इस बीच कम्पनी एवं सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायाल के एकल न्यायाधीश के निर्णय के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय के खण्डपीठ के समक्ष अक्तूबर, 2010 को एक अपील प्रस्तुत की गयी । माननीय बेंच ने अगस्त, 2010 को इस पर अपना निर्णय सुनाते हुए कम्पनी और सरकार के सभी आवेदनों को तिरस्कृत कर दिया और सरकार को निर्देश दिया कि इस मामले पर फिरसे एक बार जॉच करें ।

टिप्पणी – 27.2.5 कम्पनी एवं भारत सरकार द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक विशेष लीव पिटीशन (एस.एल. पी) दर्ज किया गया । माननीय उच्चतम न्यायालय के उच्च न्यायालय के उक्त बेंच के निर्णय को दूर करते हुए इस एसएलपी का निपटान कर दिया गया है और केन्द्र सरकार के मंत्रिमण्डल केजुलाई, 2006 के निर्णय के अनुसार सार्वभौमिक निविदा सूचना जारी करने का आदेश दिया । नवम्बर 2013 के दौरान मेसर्से मेकान लिमिटेड को अंतर मंत्रालय समिति तथा मंत्रालय की देखरेख में सार्वभौमिक निविदा सूचना तैयार कर कम्पनी की परिसंपत्तियों को के लिए कम्पनी के परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया । इसबीच कम्पनी के खनन पट्टों की समयावधि समाप्त हो गयी है ।

टिप्पणी – 27.2.6 इस बीच कम्पनी अधिनियम 1956 और कम्पनी (न्यायालय) के नियम, 1959 के अधीन कम्पनी (न्यायालय) और उच्च न्यायालय द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है जिसे गोपनीय और न्यायालयाधीन मामला माना गया है । फिरभी, समायोजन और प्रावधान आदि के संबंध में देनदारियों, वर्गीकरण और विभिन्न परिसंपत्तियों की प्राप्ति एवं कम्पनी की देनदारियों के निपटान के वित्तीय विवरणों को इससे संबंधित सख्त नियमों के कारण एक चालू कम्पनी के रूप में न करना संभव नहीं हो पा पहा है । अतः लेखों की तैयारी और आंकडों के समीकरण के लिए वैकल्पिक पद्धति के अभाव में कम्पनी को एक चालू कम्पनी मानकर ही लेखे तैयार किए गए हैं । परिणामतः कम्पनी के लेखों पर समायोजनों और उसके प्रभाव यदि कोई हो, पर विचार नहीं किया गया है ।

टिप्पणी – 27.2.7 उपर्युक्त अनुच्छेदों में बताए गए तथ्यों को ध्यान में रखते हुए लेखों की तैयारी के संदर्भ में 1)स्थायी परिसंपत्तियों का मूल्यांकन (लेखा मानक 10) 2) आंशिक रिपोर्टिंग (लेखा मानक 17) 3) संबंधित पार्टियों की घोषणा(लेखा मानक 18) 4) करों का लेखाकरण(लेखा मानक 22) 5)स्थगित कार्यकलाप (लेखा मानक 24) और 6)परिसंपत्तियों में खराबी (लेखा मानक 28)लेखा मानकों को लागू नहीं किया गया है क्योंकि वे वस्तु स्थिति में या तो संगत नहीं हैं अथवा व्यावहारिक नहीं हैं ।

टिप्पणी – 27.3 कम्पनी भूमि और संपत्ति पट्टे

इसके अंतर्गत पट्टे पर दी गयी निम्नलिखित भूमि और संपत्ति सम्मिलित है :

(1) 117.95 एकड भूमि विभिन्न निजी पार्टियों और संस्थानों को पट्टे पर दी गयी है ।

(2) केन्द्रीय कारखाना (यांत्रिक) और नन्दीद्रुग कारखाने से संबंधित सभी सम्पत्तियॉ, भूमि, भवन, निर्माण आदि तथा कुछ खाली जमीन जिसकी मात्रा 1109 एकड है, मेसर्स भारत अर्थमूवर्स लिमिटेड को कुछ शर्तों के अनुसार 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर दी गयी है जो 05–05–2014 को समाप्त हो गयी है । पट्टे पर दी गयी इन परिसम्पत्तियों को उक्त कम्पनी को पूर्णतः बेच दिए जाने अथवा स्थायी तौर पर पट्टे पर दिए जाने के संबंध में सरकार/उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय अभी न लिए जाने के कारण ये परिसम्पत्तियॉ उक्त कम्पनी के अधीन ही हैं । वर्ष 2004–05 के दौरान पट्टे की शर्तों के अनुसार उक्त कम्पनी से प्राप्त 1.00 करोड रुपए की राशि को लेखों के अंतर्गत चालू देनदारियों के रूप में दर्शाया गया है । कर्नाटक राज्य के उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार जमा राशि को 15 जुलाई, 2008 तक संचित ब्याज समेत उच्च न्यायालय के पास दिनांक 17–7–2008 को जमा किया गया है और इसे कम्पनी के लेखों के अंतर्गत ऋण और अग्रिम (परिसम्पत्तियॉ) के अंतर्गत जमा राशि के रूप में दर्शाया गया है ।

टिप्पणी – 27.4 खनन पट्टे

टिप्पणी – 27.4.1 आन्ध्र प्रदेश में उपलब्ध खनन पट्टे

आन्ध्र प्रदेश में उपलब्ध कम्पनी के खनन पट्टों का विवरिण नीचे बताए अनुसार है :–

स्थान	एकड मेंमात्रा	दिनांक से	पट्टा समाप्ति दिनांक
चिगरगुण्टा	551	30/8/1988	29/8/2008
रामगिरी	416.18	11/05/1982	01/04/2002
बिसानातम / अतिनातम	105.25	30/12/1993	03/11/2013

आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा सभी तीन खानों से संबंधित पट्टों का नवीकरण करने से तिरस्कार किया गया है ।

कम्पनी द्वारा पुनरीक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार, खान मंत्रालय के पास इसके खिलाफ अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है । किन्तु पुनरीक्षण प्राधिकरण ने एप्पमाना खान, चिगरगुण्टा खान और पुरानी बिसानात्तम खानों के नवीकरण से संबंधित कम्पनी के अभ्यावेदन को आदेश संख्या 454/2011 दिनांक 29–06–2011 के अनुसार तिरस्कृत कर दिया है क्योंकि कम्पनी द्वारा इसके लिए रायल्टी और संचित ब्याज की राशि का भुगतान नहीं किया है ।

कम्पनी द्वारा पुनरीक्षण प्राधिकरण के इस निर्णय के खिलाफ चगरगुण्टा खान और पुरानी बिसानात्तम खान के संदर्भ में आन्ध्र प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय में एक मामला संख्याः 3055/2013 दायर किया गया जिसे माानीय न्यायालय ने विचारार्थ स्वीकृत कर लिया है । इस बीच, आन्ध्र प्रदेश सरकार ने अधिसूचना संख्या 8322/पी–एमबीए/2017–1 दिनांक 23–4–2018 जारी करते हुए 262.01 हेक्टेर की मात्रावाली चिगरगुण्टा बिसानात्तम खनिज ब्लाक के खनन पट्टे की मुजूरी के लिए बोली आमंत्रित की है जिसके अंतर्गत फिलहाल बीजीएमएल के पास उपलब्ध खनन पट्टे भी सम्मिलित हैं

इस संदर्भ में कम्पनी द्वारा निदेशक, खनन और भूविज्ञान विभाग, राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मॉगा गया है कि क्या बीजीएमएल को पट्टे पर दिए गए क्षेत्र को उपर्युक्त निविदा में सम्मिलित है । कम्पनी के पास उपलब्ध भूमि को इसके अंतर्गत सम्मिलित न करने का अनुरोध किया गया है ताकि कानूनी समस्या उत्पन्न न हो क्योंकि कम्पनी से संबंधित मामला न्यायालयाधीन है ।

मेसर्स भूतपूर्व बीजीएमएल कर्मचरयों के संगठन – (क) भारत गोल्ड माइन्स सकल कर्मचारी औद्योगिक सहकारी सोसाइटी लिमिटेड (ख) मेसर्स ग्लोबल गोल्ड माइन्स एम्पलाईस इण्डस्ट्रियल कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड द्वारा रिट पिटीशन समर्पित कर तेलंगाणा और आन्ध्र प्रदेश राज्यों के मानीय उच्च न्यायालय जुडिकेचर, हैदराबाद से अनुरोध किया गया है कि आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा 262.01 हेक्टेर की मात्रावाली चिगरगुण्टा बिसानात्तम खनिज ब्लाक के बारे में जारी की गयी अधिसूचना पर सभी प्रकार की कार्यवाही पर रोक लगा दी जाए।

चूँकि बीजीएमएल इस मामले में प्रतिवादी है, उच्च न्यायालय, आन्ध्र प्रदेश में रिट पिटीशन द्वारा अपना प्रतिरोध व्यक्त किया गया है ।

टिप्पणी – 27.4.1 कर्नाटक में उपलब्ध खनन पट्टे

कम्पनी के पास कर्नाटक राज्य के कोलार जिले में बंगारदगनि और अन्य गॉवों (केजीएफ) में 12882.01 एकड भूमि में खनन पट्टे उपलब्ध हैं जिसे राज्य सरकार ने बीजीएमएल के पक्ष में दिनांक 9–8–1993 से बीस वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया है । अब यह खनन पट्टे दिनांक 8–8–2013 को समाप्त हो गए हैं । कम्पनी द्वारा इन पट्टो के नवीकरण के लिए उनकी समाप्ति तारीख से एक वर्ष पूर्व ही कर्नाटक राज्य सरकार के पास आवेदन समर्पित किए गए हैं ।

खनन पट्टों के नवीकरण कर्नाटक राज्य सरकार से बातचीत की जा रही है । एमएमडीआर के नियमों में संशोधन के कारण खुली नीलामी पद्धति पर ही इनका अंतरण हो सकता है ।

कर्नाटक सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि वह बीजीएमएल के पक्ष में खनन पट्टे नवीकरण करने को तैयार है यदि कोई सफल बोली बोलनेवाला सामने न आए। अतः वर्ष 2006 के मंत्रिमण्डल के निर्णय को कार्यान्वित करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है ।

वर्ष 2015 के दौरान एमएमडीआर के नियमों में संशोधन को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा कर्नाटक राज्य सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव रखा गया है कि राज्य सरकार द्वारा भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड कम्पनी के स्वामित्व अपना लिया जाए । किन्तु कर्नाटक सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि जहॉ है जिस हालत में है के आधार पर बीजीएमएल के स्वामित्व को टोकन राशि पर अपनाने के लिए तैयार नहीं है ।

अब खान मंत्रालय द्वारा बीजीएमएल को पुनर्जीवित करने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है और साथ ही खनिज गवेषण न किए गए क्षेत्र में खनिज गवेषण निगम लिमिटेड (एमईसीएल) द्वारा गवेषण कार्य करवाए जाएँ । खान मंत्रालय के अनुसंधान और विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीजीएमएल के मिल के रेत के ढेरों का परीक्षण एनएफटीडीसी, हैदराबाद करवाया जाए ताकि उनसे स्वर्ण और अन्य धातु निकाले जाने की संभावनाओं का पता लगाया जा सके । बीजीएमएल के भविष्य से संबंधित कोई भी कार्यवाही एमईसीएल के गवेषण रिपोर्ट और एनएफटीडीसी परीक्षणों के सफल परीक्षणों और तकनीकी आधार पर उनकी लाभकारिता पर ही निर्भर है ।

टिप्पणी – 27.5 अग्रिम, विविध देनदार और ऋणदाता

टिप्पणी – 27.5.1 पार्टियों की बकाया राशि औपचारिक पुष्टीकरण और मान्यता के आधार पर है ।

टिप्पणी – 27.5.2 अग्रिम, विविध देनदार और ऋणदाता खातों की समीक्षा की गयी है और संदिग्ध ऋण/अग्रिमों के लिए उनके पुष्टीकरण की सीमा तक के लिए प्रावधान की व्यवस्था की गयी है । कुछ देनदारियों/अग्रिम, जो 3 वर्ष से अधिक अवधि के लिए लंबित हैं और संबंधित पार्टियों द्वारा जिनका पुष्टीकरण नहीं किया गया है, के लिए लेखों के अंतर्गत कोई प्रावधान की व्यवस्था नहीं की गयी है ।

टिप्पणी – 27.5.3 आवश्यक जानकारी के अभाव में भारत सरकार, विधि, न्याय और कम्पनी मामलों के विभाग द्वारा जारी की गयी राजपत्र अधिसूचना दिनांक 22–2–1999 द्वारा अपेक्षित रूप में लघु औद्योगिक उपक्रम के रूप में वर्गीकरण नहीं किया गया है । इसी प्रकार माइक्रो, लुघु और मध्यम उद्योग विकास अधिनियम 2006 की धारा 22 का अनुपालन नहीं किया गया है ।

टिप्पणी – 27.6 अपेक्षित अन्य जानकारी

टिप्पणी – 27.6.1 कम्पनी के कार्यकलापों को मार्च, 2001 से पूर्णतः बन्द कर दिए जाने से स्थापित क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग से संबंधित विवरण कुछ नहीं है ।

टिप्पणी – 27.6.2 तैयार माल

कोष्ठक के अंतर्गत दिए गए ऑकडे पिछले वर्ष से संबंधित हैं ।

विवरण	यूनिट	आरंभिक स्टाक	उत्पादन/ अंतरण	बिक्री	समायोजन	अंतिम स्टाक	बिक्री मूल्य
स्वर्ण	ग्राम	34.67 (34.67)	निल (निल)	निल (निल)	-26.07 (-26.07)	8.6 (8.6)	0.22 (0.22)
चॉदी	ग्राम	384 (384)	- (निल)	- (निल)	-384.00 (-384.00)	0 0	निल (निल)

टिप्पणी – 27.6.3 कच्चामाल

(लाख रुपए मे)

	हालो ड्रिल स्टील				टी.सी. इनसर्ट्स			
	2019-2020		2018-2019		2019-20		2018-19	
	कि.ग्रा	लाख रु	कि.ग्रा	लाख रु	कि.ग्रा	लाख रु	कि.ग्रा	लाख रु
आरंभिक स्टाक	5057	2.25	5057	2.25	881	1.76	881	1.76
क्रय	-	-	-	-	-	-	-	-
अंतिम स्टाक	5057	2.25	5057	2.25	881	1.76	881	1.76
खपत	-	-	-	-	-	-	-	-

टिप्पणी – 27.6.4 लागत बीमा भाडे के आधार पर आयातित सामग्री का मूल्य : निल (पिछले वर्ष निल)

टिप्पणी – 27.6.5 विदेशी मुद्रा में व्यय : निल (पिछले वर्ष निल)

टिप्पणी – 27.6.6 विदेशी यात्रा पर व्यय : रु. निल (पिछले वर्ष रु. निल)

टिप्पणी – 27.6.7 कोष्ठक में दिए गए ऑकडे पिछले वर्ष के उक्त ऑकडों को दर्शाते हैं । पिछले वर्ष के ऑकडों को आवश्यकतानुसार फिरसे समुचित रूप से वर्गीकृत किया गया है ताकि वे चालू वर्ष के लेखों के प्रस्तुतीकरण के अनुरूप हों ।

टिप्पणी – 27.6.8 इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 1) औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1985 के अनुसार कम्पनी को एक रुग्ण औद्योगिक इकाई के रूप में घोषित किए जाने और 2) कम्पनी को बन्द किए जाने से संबंधित बी.आई.एफ.आर. के विचार को कर्नाटक राज्य के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पुष्टीकृत किए जाने 3) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 25 (ओ) के अनुसार दिनांक 1–3–2001 से इस कम्पनी को बन्द किए जाने के आदेश के लिए अनुमति श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किए जाने के परिणामस्वरूप कम्पनी के उत्पादन से संबंधित कार्यकलापों को अक्तूबर, 2000 से पूर्णतः बन्द कर दिया गया है समीक्षाधीन वर्ष 2019–20 के दौरान कम्पनी से संबंधित उत्पादन और सामान्य कारोंबार से संबंधित विवरण कुछ भी नहीं है ।

टिप्पणी – 27.6.9 कोष्ठक **लेखों पर टिप्पणी संख्याएँ 1 से 27 और प्रमुख लेखा नीतियॉ लेखों के ही भाग हैं ।**

निदेशक मण्डल के लिए और उनकी ओर से *दिनांकः 20–11–2020*

ह0 अरुण गोयल	**ह0 फरीदा एम. नायक**	**ह0 वीणा कुमारी**	**ह0 अनुपम एस अग्निहोत्री**
निदेशक (वित्त)	निदेशक	निदेशक	प्रबन्ध निदेशक
निपसंः 8923137	निपसंः 7612050	निपसंः 8890469	निपसंः 8891284

हमारी इसी तारीख की रिपोर्ट के अनुसार

कृते **शशिकुमार एण्ड कम्पनी**
सनदी लेखाकार
पंजीकारण संख्याः 006976एस

ह0 एन. शशिकुमार
मालिक
सदस्यता संख्या : 027869

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 12–12– 2020

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,
शेयरधारी
भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड

वित्तीय विवरणों की लेखा पारक्षा पर रिपोर्ट

हमने भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, (कम्पनी) के लेखा विवरणों, जिसके अंतर्गत 31 मार्च, 2020 को कम्पनी का तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त होनेवाले वर्ष के लाभ और हानि लेखों तथा नकदी प्रवाह विवरण और प्रमुख लेखा नीतियों के सारांश तथा अन्य स्पष्टीकरणों की जॉच कर ली है ।

हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दी गयी स्पष्टीकरणें के अनुसार इस रिपोर्ट के प्रतिकूल विचार के आधार के अंतर्गत बताई गयी बातों के महत्व को देखते हुए संलग्न वित्तीय विवरण भारत के स्वीकृत सामान्य लेखा पद्धतियों का पालन नहीं करते हैं और 31 मार्च, 2020 को कम्पनी के कार्यकलापों एवं उस तारीख को उसके नकदी प्रवाह के संदर्भ में एक सही एवं उचित चित्र प्रस्तुत नहीं करते हैं ।

वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कम्पनी से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी तैयार करने का दायित्व भी कम्पनी के निदेशक मण्डल का ही है । निदेशकों की अन्य जानकारी के अंतर्गत निदेशक मण्डल की रिपोर्ट के साथ जोडे जानेवाले अनुलग्नक, कारोबार के उत्तर दायित्व की रिपोर्ट आदि सम्मिलित है । किन्तु इसके अंतर्गत वित्तीय विवरण और हमारी लेखा परीक्षा की रिपोर्ट में सम्मिलित नहीं है ।

हमारी राय में वित्तीय विवरणों के अंतर्गत अन्य विवरण सम्मिलित नहीं है और हम इस पर किसी भी प्रकार आश्वासन नहीं दे सकते हैं ।

वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखा परीक्षा के दौरान अन्य विवरणों की परीक्षा करना और अन्य विवरण वित्तीय विवरणों के अनुसार होने की बात को सुनिश्चत करना भी हमारा दायित्व है । लेखा परीक्षा के दौरान हमने देखा है कि अन्य विवरणों को समुचित रूप से प्रस्तुत नहीं किया गया है ।

हमारी लेखा परीक्षा के निष्पादन के अंतर्गत हम सूचित करते हैं कि अन्य विवरणों के संदर्भ में समुचित विवरण नहीं दिया गया है और इस तथ्य को सूचित करना हमारा दायित्व है । इस संदर्भ में हमें और कुछ नहीं सूचित करना है ।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबन्धन का दायित्व

कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में उल्लिखित ममालों के अनुसार कम्पनी की स्थिति, वित्तीय निष्पपादन, नकदी प्रवाह के संबंध में भारत में आम तौर पर स्वीकृत नीतियों के अनुसार सही और उचित स्वतंत्र वित्तीय विवरणों को तैयार करने का दायित्व कम्पनी के निदेशक मण्डल का है । इसके अंतर्गत कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अनुसार कम्पनी नियम 7, जिसका उल्लेख कम्पनी (लेखा) नियम 2014 है, के अंर्तगत विनिर्दिष्ट रूप में लेखा मानकों का पालन भी सम्मिलित है। इस दायित्व के अंतर्गत कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा, धांधलियों के निवारण और उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त लेखा बहियों का रखा जाना, उचित लेखा नीतियों का चयन और अनुपालन, समुचित रूप में निर्णयों का लिया जाना और आकलनों को तैयार किया जाना, पर्याप्त आंतरिक नियंत्रणों की रूपरेखा तैयार किया जाना, उनका कार्यान्वयन और अनुरक्षण आदि सम्मिलित है, जो तृटि अथवा धोखाघडी से मुक्त सही और समुचित वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक हैं ।

वित्तीय विवरणों को तैयार करते समय यह कम्पनी का ही उत्तर दायित्व है कि वह इस बात का आकलन करले कि कम्पनी एक चालू कम्पनी है और तदनुसार सभी संबंधित जानकारी प्रस्तुत करें । कम्पनी को बन्द करने अथवा कार्यकलापों को बन्द करने के बारे में अथवा वैकल्पिक रूप में जानकारी प्रस्तुत करने के बारे में कम्पनी को ही वास्तविकता के आधार पर सोचविचार करना चाहिए ।

वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते समय इन सभी बातों पर विचार करना भी कम्पनी के निदेशक मण्डल दायित्व है ।

लेखा परीक्षकों का दायित्व

वित्तीय विवरणों की प्रस्तुतीकरण में धोखाधडी अथवा तृटि के कारण कोई विसंगति न हो, इस बात के लिए कम्पनी से समुचित आश्वासन प्राप्त करना लेखा परीक्षकों का दायित्व है और इस संबंध में हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में हमारी राय सम्मिलित किया जाना है । समुचित आश्वासन का अर्थ कम्पनी की ओर से उच्च स्तरीय आश्वासन है । फिरभी, लेखा परीक्षक इस बात की गारण्टी नहीं दे सकते कि सनदी लेखा परीक्षा की पद्धति के अनुसार लेखा परीक्षा के दौरान ऐसी तृटियॉ अथवा विसंगतियॉ, यदि कोई हों तो, उनका पता लग सकता है । विसंगतियॉ धोखाधडी अथवा तृटि के कारण हो सकती हैं और उन्हें ऐसी स्थिति में प्रमुख माना जाएगा जबकि वे किसी व्यक्ति द्वारा आर्थिक निर्णयों और वित्तीय विवरणों को प्रभावित करने के रूप में की गयी हों ।

सनदी लेखा परीक्षा की पद्धति के अनुसार लेखा परीक्षा के दौरान व्यावसायिक निर्णय लेते हुए हमारी संपूर्ण लेखा परीक्षा को व्यापारिक तथा तथ्यपरक बनाए रखने का प्रयास किया गया है । यह भी सूचित किया जाता है कि

(i) वित्तीय विवरणों के प्रस्तुतीकरण में धोखाधडी, तृटि अथवा षडयंत्र के कारण कोई विसंगति पाई जाए तो उसका तथा उसके प्रभाव का आकलन किया गया है और लेखा परीक्षा के अंतर्गत हमारी राय को व्यक्त करने के लिए आवश्यक एवं उचित सबूत को प्राप्त किया गया है । घोखाधडी, तृटि, जानबूझकर की गयी धोखाधडी, चूक, गलत प्रस्तुतीकरण अथवा आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का अतिक्रमण करते हुए की गयी जालसाजी का पता लगाने में हुई चूक के प्रभाव का आकलन नहीं किया जा सका है ।

(ii) वस्तु स्थिति को ध्यान में रखते हुए लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक लेखा परीक्षा प्रणाली की तैयारी के लिए आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के विचार को प्राप्त किया गया है । कम्पनी अधिनियम की धारा 143(3)(1) के अनुसार कम्पनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की प्रणाली उपलब्ध होने और वह प्रभावकारी रूप से अपना कार्य करने की बात को सुनिश्चित किया गया है ।

(iii) कम्पनी के प्रबन्धन द्वारा अपनाई गयी लेखा नीतियों के औचित्य और लेखाओं से संबंधित आकलनों और घोषणाओं की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया गया है ।

(iv) कम्पनी के प्रबन्धन द्वारा चालू कम्पनी के आधार पर तैयार किए गए लेखाओं के औचित्य पर निर्णय लिया जाना और लेखा परीक्षा के लिए प्राप्त सबूतों के आधार पर वर्तमान परिस्थिति में कम्पनी को एक चालू कम्पनी के रूप में मान्यता को जारी रखे जाने की उपयुक्तता पर संदेह उत्पन्न होता है । यदि कोई संदेह की बात की जाए तो तदनुसार हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में इस पर एवं लेखा विवरणों पर समुचित रूप से अभिव्यक्ति की जानी है । यदि ऐसी अभिव्यक्तियॉ अपर्याप्त हों तो हमारी राय में परिवर्तन किया जाना है । हमारे निर्णय, हमारी लेखा परीक्षा की तारीख को इस विषय पर प्राप्त किए गए सबूतों के आधार पर ही है । फिरभी, भविष्य में उत्पन्न होनेवाली परिस्थितियों के कारण कम्पनी पर चालू कम्पनी की मान्यता बन्द हो सकती है ।

(v) वित्तीय विवरणों के समेकित प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन, उनका आकार प्रकार और उसमें सम्मिलित विवरण और घोषणाओं तथा वित्तीय विवरण कम्पनी के कारोबार के बारे में समुचित रूप से अभिव्यक्त करते हैं अथवा नहीं और क्या वे कम्पनी के संबंध में सही और उचित चित्र प्रस्तुत करते हैं अथवा नहीं का मूल्यांकना किया गया है ।

वित्तीय विवरणों के अंतर्गत विसंगतियों की मात्रा जो व्यक्तिगत अथवा समेकित रूप से हुई हो, के कारण आर्थिक निर्णय यदि समुचित मात्रा में प्रभावित हुए हों तो हम मात्रापरक और गुणवत्तापरक रूप से उसके प्रभाव को (i) हमारी लेखा परीक्षा कार्य की सीमा के अंतर्गत तैयार करने और हमारे कार्य के परिणाम के मूल्यांकन के लिए इस्तेमाल किया गया है । और (ii) वित्तीय विवरणों के अंतर्गत देखी गयी विसंगतियों के प्रभाव का मूल्यांकन किया गया है ।

हमने कम्पनी के प्रशासन से संबंधित व्यक्तियों से संपर्क कर अन्य मामलों के अलावा लेखा परीक्षा प्रणाली की सीमा और समयावधि तथा लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में पाई गयी कमियों समेत देखी गयी अन्य प्रमुख बातों का पता हमारी लेखा परीक्षा के दौरान लगया है ।

हमने कम्पनी के प्रशासन से संबंधित व्यक्तियों को हमारी लेखा परीक्षा के दौरान देखी गयी विसंगतियों की जानकारी, संबद्ध व्यक्तियों को हमारी स्वतंत्रता और प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए समर्पित की है और हमारी आवयकतानुसार संबंधित मामलों के बारे में, जहॉ भी उचित माना गया, उन मामलों की संरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनसे समुचित रूप से संपर्क किया गया है । कम्पनी के प्रशासन से संबंधित व्यक्तियों से संपर्क करते समय हमने उन मामलों पर विशेष रूप से ध्यान दिया है जो वर्तमान अवधि के लेखा विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, जिन्हें प्रमुख मुद्दे माने गए हैं । हमने अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अंतर्गत ऐसे मामलों का उल्लेख कानून आवश्यक होने और सार्वजनिक रूप से बहिर्गत करने की बाध्यता मौजूद होने की स्थिति में अथवा विशिष्ट परिस्थितियों और लोकहित को ध्यान में रखकर हुए ही की है ।

प्रतिकूल विचार का आधार

(क) हमारी राय में टिप्पणी संख्याऍ 27.2.1 से 27.2.7 के अंतर्गत दिए गए विवरणों के आधार पर इस कम्पनी को एक **चालू कम्पनी** नहीं माना जा सकता है।

(ख).लेखों पर टिप्पणी के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 11.4 के अनुसार कम्पनी द्वारा राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान और भारतीय खाद्य निगम को अंतरित संपत्तियों को कम्पनी के लेखों के अंतर्गत ही रखा गया है क्योंकि उनके स्थायी अंतरण से संबंधित कानूनी और अन्य औपचारिकताऍ अभी पूरी नहीं की गयी हैं और भार सरकार से इस संबंध में समुचित निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं । भौतिक रूप से ये संपत्तियॉ उक्त पार्टियों के पास मौजूद होने के बावजूद इसका स्वामित्व अभी भी कम्पनी के पास ही है ।

इसके परिणाम स्वरूप लेखों के अंतर्गत भूमि की मात्रा अधिक और प्राप्य राशि को उक्त सीमा तक कम दर्शाया गया है ।

(ग) लेखों पर टिप्पणी के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 11.5 के अनुसार कर्मचारियों को आवास गृह और भूमि (लगभग 31.90 एकड) के हस्तांतरण के संबंध में अपेक्षित विवरण चालू देनदारियों के अंतर्गत दर्शाया गया है ।

इसके परिणाम स्वरूप लेखों के अंतर्गत भूमि और कर्मचारियों के आवास गृहों की मात्रा अधिक दर्शायी गयी है ।

(घ) लेखों पर टिप्पणी के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 14,6, 14.2 और 14.3 के अनुसार 340 टन स्वर्ण अयस्क, मिल के रेत के ढेरों जिससे लगभग 13,200 किलो ग्राम स्वर्ण उत्पादित किया जा सकता है और स्वर्ण अयस्क के 14 नमूने जिसका कुल भार 12,386 ग्राम है, जिससे प्राप्त होनेवाले स्वर्ण की मात्रा का आकलन नहीं किया गया है और प्लाटिनम के क्रूसिबुल की मदों, जिन्हें बैंक के लाकर में रखा गया है जिनसे प्राप्त होनेवाले मूल्य का अभी पता नहीं लगाया गया है, को लेखों के अंतर्गत नहीं लिया गया है । इसके परिणाम स्वरूपम कम्पनी की वस्तुसूची को कम दर्शाया गया है ।

इसके परिणाम स्वरूपम हम वित्तीय विवरणों में पडनेवाले प्रभाव का आकलन करने की स्थिति में नहीं हैं ।

(ड.) लेखों पर टिप्पणी के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 27.5.1 और 27.5.2 के अनुसार अग्रिम, विविध देनदार और ऋणदाता खातों की समीक्षा की गयी है और संदिग्ध ऋण/अग्रिमों के लिए प्रावधान की व्यवस्था नहीं की गयी है । अपेक्षित जानकारी के अभाव में इसकी मात्रा का आकलन नहीं किया जा सकता है ।

आवश्यक जानकारी के अभाव में हम हम तुलनपत्र के अंतर्गत इस राशि के सही होने के बारे में कोई टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं ।

(च) लेखों पर टिप्पणी के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 27.5.3 के अनुसार एमएसएमईडी को देय राशि का वर्गीकरण नहीं किया गया है और एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 की धारा 22 का अनुपालन नहीं किया गया है ।

(छ) कम्पनी के पास 10,911 आवास गृह मौजूद हैं जिसमें से 2812 आवास गृह भारत सरकार के आदेश के अनुसार स्वैच्छिक सेवा निवृत्त/एसटीबीपी के अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दिया गया है । शेष 8099 आवास गृहों में से 3599 आवास गृहों में से 4477 आवास गृह लीज और किराए पर दिए गए हैं, 37 आवास गृह एनआईएमएच और एनआईआरएम को दिए गए है, 4 आवास गृह खाली और परित्यक्त स्थिति में मौजूद हैं और 3581 आवास गृह अनधिकृत तौर पर कब्जा कर लिए गए हैं । इसके परिणाम स्वरूप वित्तीय विवरणों के अंतर्गत पडनेवाले प्रभाव का आकलन करने की स्थिति में नहीं हैं ।

(ज) कम्पनी द्वारा अक्तूबर, 2019 के दौरान स्थायी परिसंपत्तियों और वस्तुसूची, अचल संपत्ति को छोडकर, का भौतिक सत्यापन किया गया है । किन्तु भौतिक सत्यापन का मिलान स्थायी परिसंपत्तियों और वस्तुसूची के रजिस्टर के साथ नहीं हो पा रहा है । क्योंकि कम्पनी द्वारा इनमें पाए गए विसंगतियों का पता नहीं चलाया जा सका है । इसके परिणाम स्वरूप वित्तीय विवरणों के अंतर्गत पडनेवाले प्रभाव का आकलन करने की स्थिति में नहीं हैं ।

(झ) टिप्पणी संख्या 14.5 के अनुसार इस्तेमाल से हटाए गए तार के रस्से (लगभग 4 मेट्रिक टन) और बेचे गए रसायन, जिसे न्यायालय के निर्णय होने तक के लिए कम्पनी के पास ही रखा गया था, स्थायी परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन के दौरान दिखाई नहीं दिए हैं ।

(ञ) हमें दी गयी जानकारी के अनुसार कम्पनी के पास 797 वाणिज्यिक भवन कम्पनी के उपनगर में उपलब्ध हैं जिनमें से 350 लीज पर दिए गए हैं । इन सभी लीजों की समयावधि समाप्त हो चुकी है किन्तु ये अभी भी लीजधारकों के पास ही जारी हैं । कम्पनी द्वारा इनके लिए किराया समयावधि समाप्त लीज के शर्तों के आधार पर ही वसूल किया जा रहा है । इसके परिणाम स्वरूप वित्तीय विवरणों के अंतर्गत पडनेवाले प्रभाव का आकलन करने की स्थिति में नहीं हैं ।

प्रमुख लेखा परीक्षा के मुद्दे

प्रतिकूल विचार का आधार नामक उपर्युक्त अनुच्छेद में उल्लिखित मामलों को छोडकर हमें अन्य कोई लेखा परीक्षा के प्रमुख मामलों का पता नहीं चला है जिसके बारे में इस रिपोर्ट के अंतर्गत उल्लेख किया जाना आवश्यक है ।

अन्य न्यायिक और नियमित आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. कम्पनी (लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट) आदेश, 2016 (आदेश) द्वारा अपेक्षित रूप में और भारत सरकार द्वारा कम्पनी अधनियम, की धारा 143 उपधारा (11) के अनुसार जारी किए गए आदेश के अनुसार हमारे द्वारा की गयी जॉचों, जिन्हें हमने आवश्यक समझा, के आधार पर और हमें दी गयी जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार अनुच्छेद 3 और 4 में उल्लिखित मामलों पर हमारे निष्कर्ष **परिशिष्ट–1** के रूप में संलग्न करते हैं ।

2. भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार हम कम्पनी अधिनियम की धारा 143 (5) के अनुसार अपेक्षित रिपोर्ट हम लेखा बहियों और संबद्ध अभिलेखों की अपनी जॉचों और कम्पनी द्वारा हमें दिए गए विवरणों और स्पष्टीकरणों के अनुसार **परिशिष्ट–2** के रूप में संलग्न करते हैं ।

3. कम्पनी अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार हम सूचित करते हैं कि :–

(क) प्रतिकूल विचार का आधार नामक अनुच्छेद में बताए गए मामलों के कारण कम्पनी पर पडनेवाले प्रभाव को छोडकर, हमने अपनी लेखा परीक्षा के लिए सभी जानकारियॉ और स्पष्टीकरण प्राप्त किया है, जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के लिए आवश्यक है ।

(ख) प्रतिकूल विचार का आधार नामक अनुच्छेद में बताए गए मामलों के कारण कम्पनी पर पडनेवाले प्रभाव को छोडकर, हमारी राय में और हमें जहॉ तक दिखाई पडता है, कम्पनी द्वारा सभी लेखा बहियॉ, जो कानूनन आवश्यक हैं, समुचित ढंग से रखी गयी हैं ।

(ग) इस रिपोर्ट के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए तुलनपत्र, लाभ और हानि का विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण कम्पनी के लेखा बहियों के साथ मेल खाते हैं ।

(घ) हमारी राय में, उपर्युक्त स्वतंत्र लेखा विवरण टिप्पणी संख्या 27.2.7 के अंतर्गत बताए गए अनुसार अनुपालन न की गयी और घोषित न की गयी सीमा तक को छोडकर, कम्पनी अधिनियम की धारा 133 और कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के अंतर्गत उल्लिखित लेखा मानकों के अनुरूप ही हैं। हम वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव को आकलन करने की स्थिति में नहीं हैं ।

(ड.) कम्पनी में उपलब्ध वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था की पर्याप्तता और वित्तीय मामलों के समुचित नियंत्रण के लिए उनके प्रभावकारी होने के संबंध में हमारे विचार के **परिशिष्ट–3** के रूप में अलग से संलग्न किए गए हैं ।

(च) कम्पनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अंतर्गत सम्मिलित किए जाने वाले अन्य मामलों के संदर्भ हम सूचित करना चाहते हैं कि हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार :

1. कम्पनी द्वारा अपने वित्तीय विवरणों के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित मामलों का विवरण घोषित किया गया है और इनके कारण कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर पडने वाले प्रभाव का विवरण भी प्रस्तुत किया गया है । देखें लेखों पर टिप्पणी 27.1

2. कम्पनी के पास कोई व्युत्पन्न अथवा दीर्घकालिक परियोजनाएॅ नहीं हैं जिनके लिए भविष्य में हानि हो सकती है ।

3. कम्पनी के पास ऐसी कोई भी रकम नहीं है, जिसे निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि को अंतरित किया जाना है ।

कृते **शशिकुमार एण्ड को**
सनदी लेखाकार
पंजीकारण संख्याः 0069768

ह0 एन. एस. शशिकुमार
मालिक
सदस्यता संख्या: 027869

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 12–12–2020.

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट–1

अन्य न्यायिक और विनियमों पर हमारी इसी तारीख की रिपोर्ट के अनुच्छेद 1 अंतर्गत उल्लिखित रूप में 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर उल्लिखत परिशिष्ट जिसके अंतर्गत हम सूचित करते हैं कि:

1. (क) कम्पनी द्वारा स्थायी परिसम्पत्तियों के परिमाण तथा उनकी स्थिति का संपूर्ण विवरण दर्शाने के लिए समुचित अभिलेख रखे गए हैं ।

   (ख) हमें दी गयी जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा स्थायी परिसम्पत्तियों की भौतिक जॉच अक्तूबर, 2019 के दौरान की गयी है। किन्तु कम्पनी के स्थायी परिसंपत्तियों के रजिस्टर के साथ इसका मिलान नहीं हो पाया है । कम्पनी भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गयी विसंगतियों पता नहीं लगा पाई है । अतः समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हमारे सत्यापन के दौरान लेखा बहियों की विसंगतियॉ पर कोई टिप्पणी नहीं की गयी है।

   (ग) कम्पनी की सभी अचल संपत्तियों के स्वत्वाधिकार के पट्टे, आन्ध्र प्रदेश के रामगिरी में मौजूद 77.61 एकड (वास्तविक लागत 0.86 लाख रुपए) भूमि को छोडकर, कम्पनी के नाम पर ही मौजूद है । उक्त भूमि से संबंधित पट्टे हमारे सत्यापन के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए है

2. हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान वस्तुसूचियों का भौतिक रूप से सत्यापन अक्तूबर, 2019 के दौरान किया गया । किन्तु कम्पनी के वस्तुसूची के रजिस्टर के साथ इसका मिलान नहीं हो पाया है । कम्पनी भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गयी विसंगतियों पता नहीं लगा पाई है । अतः समीक्षाधीन वर्ष के दौरान हमारे सत्यापन के दौरान लेखा बहियों की विसंगतियॉ पर कोई टिप्पणी नहीं की गयी है।

3. हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी द्वारा उन कम्पनियों, संस्थाओं और अन्य पार्टियों को न तो ऋण मंजूर किया गया और न ही उनसे कोई ऋण लिया गया है, जिसे कम्पनी अधिनियम की धारा 189 के अनुसार रखे गए रजिस्टर में दर्ज किया गया है । अतः उक्त आदेश के अनुच्छेद 3(3) (क) से (ग) प्रावधान लागू नहीं होते हैं ।

4. हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी द्वारा किसी भी अन्य पार्टियों अथवा कम्पनियों, सीमित देनदारी के भागीदारों को कोई ऋण, जो प्रतिभूत या अप्रतिभूत प्रकृति के हैं, मंजूर किया गया है । अतः कम्पनी अधिनिय के आदेश के अनुच्छेद 3(4) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं ।

5. कम्पनी द्वारा जनता से किसी प्रकार की जमा राशि स्वीकृत नहीं की गयी है । अतः भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों और इसके अनुसार बनाए गए अधिनियम की धाराएँ 73 से 76 और अन्य संबंधित प्रावधान और कम्पनी (जमा राशि की स्वीकृति) नियम, 2015 कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं ।

6. हमें सूचित करना है कि कम्पनी अधिनियम की धारा 148, उप–धारा (1) के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा लागत अभिलेख रखने की जो आवश्यकता निर्धारित की गयी है । हमे दी गयी आनकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार और टिप्पणी संख्या 20 के अंतर्गत उल्लिखत रूप में कम्पनी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए और इस बात को ध्यान में रखत हुए कि कम्पनी के कार्यकलाप बन्द कर दिए गए हैं, यह कम्पनी पर फिलहाल लागू नहीं है ।

7. (क) हमें दी गयी जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार तथा लेखा बहियों की जॉच से पता चलता है कि कम्पनी द्वारा भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, आय कर, बिक्री कर, आयात शुल्क, उत्पाद शुल्क वैट, सेस और अन्य सांविधिक देयताएँ, जिनके बारे में कोई मतभेद नहीं है, समुचित प्राधिकरणों के पास यथा समय जमा कराया गया है । कुछ मतभेद रहित मामलों में 31 मार्च, 2020 को देय उपर्युक्त राशियॉ जो उन के देय होने के दिनांक से छः महीने के लिए बकाया है का उल्लेख बकाया राशियों के रूप में किया गया है ।

सांविधिक अभिकरण का नाम	देय शुल्क की प्रकृति	रकम रु. में	संबंधित वर्ष
केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944	उत्पाद शुल्क	19,939	1990-91
		1,15,40,380	1991-92
		4,70,103	1997-98
		1,25,858	1999-00

8. कम्पनी द्वारा बैंक और सरकार से प्राप्त ऋणों को अदा करने में चूक हुई है, 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए इसका विवरण नीचे बताए अनुसार है :

क्रम सं	विवरण	तुलनपत्र दिनांक को चूक की राशि रु.	तुलनपत्र दिनांक को संचित ब्याज की राशि रु.	टिप्पणी
1	स्टेट बैंक आफ इण्डिया, केजीएफ	5,58,02,798	2,33,38,91,742	टिप्पणी संख्या 3 देखें
2	खान मंत्रालय, भारत सरकार	2,19,22,49,864	15,00,09,58,436	टिप्पणी संख्या 3 देखें

9. कम्पनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जनता या अन्य पार्टियों से आरंभिक पब्लिक आफर अथवा और आगे के पब्लिक आफर (ऋण निवेश समेत) किसी भी प्रकार की धन राशि प्राप्त नहीं की गयी है । अतः आदेश संख्या का अनुच्छेद 3(9) कम्पनी पर लागू नहीं होता है ।

10. हमारी राय और हमें दी गयी जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों से कोई जालसाजी या धांधली का का मामला सामने नहीं आया है ।

11. निगम कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 5 जून, 2015 को जारी की गयी अधिसूचना संख्याः जीएसआर 463(ई) की धारा 197 के प्रावधान सरकारी कम्पनी पर लागू नहीं है । तदनुसार उक्त आदेश के प्रावधान का अनुच्छेद 3(11) इस कम्पनी पर लागू नहीं माना गया है ।

12. हमारी राय में यह कम्पनी निधि कम्पनी नहीं है । अतः उक्त आदेश के प्रावधान का अनुच्छेद 3(12) इस कम्पनी पर लागू नहीं माना गया है ।

13. हमारी राय में कम्पनी द्वारा किसी संबद्ध पार्टियों से कोई लेनदेन नहीं किया गया है अतः लेखा मानकों की धारा 177 और 188 का अनुपालन इस कम्पनी पर लागू नहीं माना गया है ।

14. हमें दी गयी जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कम्पनी की लेखा बहियों की हमारी जॉच से पता चलता है कि इस कम्पनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने शेयरों का प्रिफरेन्शियल आबंटन अथवा निजी प्लेसमेण्ट नहीं किया गया है और न ही डिबेंचर पूर्ण या आंशिक रूप से परिवर्तनीय आधार पर जारी किए गए है । तदनुसार उक्त आदेश के प्रावधान का अनुच्छेद 3(14) इस कम्पनी पर लागू नहीं माना गया है ।

15. हमें दी गयी जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और कम्पनी की लेखा बहियों की हमारी जॉच से पता चलता है कि इस कम्पनी द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान किसी भी पार्टी, निदेशको अथवा उनसे संबंधित व्यक्तियों के साथ गैर–नकदी कारोबार नहीं किया गया है । तदनुसार उक्त आदेश के प्रावधान का अनुच्छेद 3(15) इस कम्पनी पर लागू नहीं माना गया है

16. हमारी राय में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 1ए के अनुसार कम्पनी के पंजीकरण कोई आवश्यकता नहीं है । तदनुसार उक्त आदेश के प्रावधान का अनुच्छेद 3(16) इस कम्पनी पर लागू नहीं माना गया है ।

कृते **शशिकुमार एण्ड को**
सनदी लेखाकार
पंजीकारण संख्याः 006976एस

ह0 एन. एस. शशिकुमार
मालिक
सदस्यता संख्या: 027869

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 12–12–2020.

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट–2

भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर हमारी इसी तारीख की रिपोर्ट के अनुच्छेद 2 अंतर्गत उल्लिखित अन्य न्यायिक और नियमित आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है :

क्रम सं.	निर्देश	की गयी कार्यवाही	लेखों और वित्तीय विवरणों पर प्रभाव
1	क्या कम्पनी के पास कोई ऐसी पद्धति है जिसके अंतर्गत सभी वित्तीय लेनदेन को किसी सुचना प्राद्योगिकी प्रणाली के अंतर्गत सम्मिलित किया जा सकता है ? यदि हॉ तो बाहरी सुचना प्राद्योगिकी प्रणाली को अपनाए जाने से वित्तीय लेखों की गोपनीयता में उत्पन्न समस्याएँ और संबंधित राशि क्या है ।	नहीं ।	कुछ नहीं ।
2	क्या कम्पनी के पास कोई वर्तमान ऋण या किसी देनदारी/ऋण/ब्याज आदि जिसे अदा करने में कम्पनी असमर्थ है, को माफ करने/ बट्टे खाते डाले जाने के मामले मौजूद है ? यदि हॉ तो इसका कारण और संबंधित राशि क्या है ।	नहीं ।	कुछ नहीं ।
3	केन्द्र/राज्य सरकार या अन्य अभिकरणों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य निधियों का लेखाकरण अथवा उपयोग समुचित रूप से और उसके नियमों के अपुसार किया गया ? यदि कोई विसंगतियॉ हों तो ऐसे मामलों की सूची प्रस्तुत की जाए ।	लागू नहीं है ।	कुछ नहीं ।

कृते **शशिकुमार एण्ड को**
सनदी लेखाकार
पंजीकारण संख्याः 006976एस

ह0 एन. एस. शशिकुमार
मालिक
सदस्यता संख्या: 027869

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 12–12–2020.

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का परिशिष्ट–3

भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की इसी तारीख की रिपोर्ट में उल्लिखित परिशिष्ट – 3

कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उप–धारा (1) के अधीन कम्पनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट :

हमने भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड (कम्पनी) के 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के संदर्भ में कम्पनी में उपलब्ध आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था की जॉच की है ।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबन्धन का दायित्व

भारतीय सनदी लेखाकारों की संस्था (आईसीएआई) द्वारा वित्तीय लेखों की लेखा परीक्षा के लिए आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था स्थापित किए जाने के संबंध में दिए गए मार्गदर्शक टिप्पणी के अनुसार लेखों की लेखा परीक्षा के लिए समचित आंतरिक नियंत्रण की व्यवस्था को स्थापित करने और उसके उचित अनुरक्षण का दायित्व कम्पनी के प्रबन्धन का ही है । इन दायित्वों के अंतर्गत आंतरिक नियंत्रण की व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करना, उसकी स्थापना और नियमित रूप से उसका अनुपालन और कम्पनी की लेखा नीतियों के अनुसार उसके सुचारु और प्रभावकारी रूप से कार्य करने की बात को सुनिश्चित करने दायित्व सम्मिलित है । कम्पन की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और उसके कार्यकलापों में यदि कोई तृटियॉ अथवा किसी भी पक्ष द्वारा धांधली को पता लगाना और उसका रोकथाम, कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार लेखों के परिपूर्ण एवं सही ढंग से तैयारी और प्रस्तुतीकरण का दायित्व सम्मिलित है ।

लेखा परीक्षकों का दायित्व

हमारा दायित्व कम्पनी की आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की जॉच कर कम्पनी के लेखों पर सही और समुचित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए इनकी उपयुक्तता के बारे में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना है । हमने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत दिए गए विनिर्देशों के अनुसार भारतीय सनदी लेखाकारों की संस्था आईसीएआई द्वारा लेखों की लेखा परीक्षा और वित्तीय लेखों की तैयारी के लिए जारी किए गए मार्गदर्शनों की टिप्पणी और लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार कम्पनी में उपलब्ध आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की जॉच की है । इसके अनुसार हमारे लिए यह आवश्यक है कि अपनी लेखा परीक्षा के लिए एक योजना तैयार कर वित्तीय विवरण किसी भी प्रकार से गलत न होने के संबंध में कम्पनी से समुचित आश्वासन प्राप्त करें और वास्तवित रूप में आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था का संचालन हो रहा है और ये नियंत्रण प्रणालियॉ अपना कार्य समुचित और प्रभावकारी रूप से कर रही हैं ।

हमारी लेखा परीक्षा के अंतर्गत हमारे निष्पादन की एक सुनिश्चित पद्धति है जिसके अंतर्गत हमें लेखों पर आंतरिक नियंत्रण के लिए कम्पनी में उपलब्ध नियंत्रण की प्रणाली की पर्याप्तता और उसके प्रभावकारी प्रचालन की जॉच की जानी है । लेखों की तरपोर्ट तैयार करने के लिए उपलब्ध कम्पनी के आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की हमारी जॉच के लिए इससे संबंधित सभी जानकारी प्राप्त की गयी है और इस व्यवस्था के कारण लेखों की तैयारी में उत्पन्न होनेवाली समस्याऍ और उसकी कमियॉ आदि की जी जॉच की गयी है । इसके लिए अपनाई गयी कार्यपद्धति लेखापरीक्षों के निर्णयाधिकार के अनुसार ही है । इसके अंतर्गत इस व्यवस्था की समस्याओं का आकलन, वित्तीय विवरणों के तृटिपूर्ण प्रस्तुति की संभावना अथवा कोई धांधली होने की संभावना आदि का पता लगाना सम्मिलित है ।

हमारा विश्वास है कि कम्पनी के वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था हमारी राय में वित्तीय विवरणों के सही ढंग से प्रस्तुत करने के लिए समुचित और उपयुक्त है ।

वित्तीय लेखों की रिपोर्ट के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रा की व्यवस्था का औचित्य

किसी भी कम्पनी के लेखों पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था इसलिए बनाई गयी है ताकि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा नीतियों के अनुसार बाहरी प्रयोजनों के लिए विश्वनीय और समुचित रूप से वित्तीय लेखों की तैयारी और प्रस्तुति को सुनिश्चित किया जा सके । कम्पनी के लेखों पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए बनाई जानेवाली आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था के अंतर्गत सम्मिलित नीतियों और पद्धतियों के अंतर्गत (1) लेखा बहियों का समुचित रखरखाव जिसमें कम्पनी की परिसंपत्तियों से संबंधित सभी लेनदेन आदि सभी आवश्यक विवरण समुचित रूप से रखा जाना आवश्यक है ¡ (2) वित्तीय विवरणों की तैयारी सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा नीतियों के अनुसार कम्पनी की सभी प्राप्तियॉ और व्यय कम्पनी के प्रबन्धन और निदेशकों द्वारा अधिकृत किए जाने के बाद ही किए जाने की बात सुनिश्चित की जानी है और (3) कम्पनी की परिसम्पत्तियों की प्राप्ति या उसके निबटान में कोई अनधिकृत पद्धति के रोकथाम और उसके निवरण और यथा समय ऐसे मामलों की पहचान की बात सुनिश्चित की जानी चाहिए जिससे कम्पनी के लेखें प्रभावित होते हैं ।

वित्तीय लेखों के रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था की सीमितताएँ

वित्तीय लेखों की रिपोर्टिंग के लिए बनाई जानेवाली आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था के अंतर्गत कुछ अपनी सीमितताएँ मौजूद हैं जिसके अंतर्गत आपस मे मिलीभगत या इन नियंत्रण की प्रणालियों पर प्रबन्धन का अनुचित अधिकार, धांधली और विवरणों की गलत प्रस्तुति के कारण कुछ तृटियॉ उत्पन्न हो सकती हैं और कभी कभी इनका पता भी नहीं चल पाता है । इसके अलावा, कभी कभी भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते समय आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की प्रणाली में कभी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती है और यह व्यवस्था बदली हुई परिस्थितियों के कारण अपर्याप्त साबित हो सकती है अथवा इसके लिए बनाई गयी नीतियों और पद्धतियों के अनुपालन की स्थिति में खराबी आ सकती है ।

लेखों के प्ररूतुतीकरण में आंतरिक नियंत्रण की कमी पूर्णतः एक कमजोरी अथवा एक कमी अन्यथा इन दोनों का एक सम्मिलित रूप ही माना जाएगा और इसके कारण इस बात की पूरी संभावना रहती है कि वार्षिक वित्तीय विवरण सही न हों और इसका पता समय रहते नही चल सकता है ।

विचारों की अप्रतिबद्धता

वित्तीय विवरणों की प्रस्तुति के लिए कम्पनी में उपलब्ध आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था के बारे में कम्पनी द्वारा हमें आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं की गयी है जिससे हम इस बात का पता लगाया जा सके कम्पनी द्वारा स्थापित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था पर्याप्त है अथवा नहीं । हमे इस बात का पता भी नहीं चला कि यदि कोई आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की व्यवस्था उपलब्ध है तो क्या वह 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के अपना कार्य सुचारु रूप से कर रही है अथवा नहीं ।

हमने कम्पनी के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा करते समय कम्पनी की प्रकृति, समय और लेखा परीक्षा की सीमा आदि को देखते हुए उपर्युक्त अप्रतिबद्धता का पर विचार करने की बात को लागू करना उचित समझा है और इस अप्रतिबद्धता के कारण कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर हमारे विचार अवश्य प्रभावित हुए हैं और हमने कम्पनी के वित्तीय विवरणों के संबंध में एक प्रतिकूल विचार प्रस्तुत किया है ।

कृते **शशिकुमार एण्ड को**
सनदी लेखाकार
पंजीकारण संख्याः 006976एस

ह0 एन. एस. शशिकुमार
मालिक
सदस्यता संख्या: 027869

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 12–12–2020.

निदेशकों की रिपोर्ट 2019–20 का परिशिष्ट
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की टिप्पणी और उसके लिए कम्पनी का उत्तर

क्रम सं	लेखा परीक्षकों की टिप्पणी	कम्पनी का उत्तर
1	हमारा विचार है कि **चालू संगठन** के रूप में तैयार किया जाना टिप्पणी संख्या 27.2.1 से 27.2.7 अंतर्गत बताई गयी कम्पनी की स्थिति को देखते हुए उचित नहीं है ।	यह एक वास्तविक कथन है । कम्पनी को बन्द करने के भारत सरकार के निर्णय की प्रतीक्षा को देखते हुए कम्पनी की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन का मामला लेखों पर टिप्पणी संख्या 27 में बताए गए अनुसार न केवल गोपनीय बल्कि न्यायालय के अधीन भी है ।
2	लेखों पर **टिप्पणी संख्या 11.4** के अनुसार कम्पनी द्वारा राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान और भारतीय खाद्य निगम को संपत्ति भौतिक रूप से अंतरित किए जाने के बावजूद इन परिसंपत्तियों को भारत सरकार से निर्देशों के प्राप्त होने और अन्य औपचारिकताएँ पूर्ण होने तक कम्पनी के लेखा बहियों ही रखे जाने की बात कही गयी है । **इसके परिणामस्वरूप कम्पनी की भूमि को अधिक एवं प्राप्य राशियों को उक्त सीमा तक अधिक दर्शाया गया है ।**	लेखों पर टिप्पणी संख्या 27 के अंतर्गत बताए गए अनुसार कम्पनी की परिसंपत्तियों को बेचे जाने के लिए एक कार्य योजना बनाई गयी है जिसके लिए भारत सरकार के आदेशों की प्रतीक्षा की जा रही है ।
3	लेखों पर **टिप्पणी संख्या 11.5** के अंतर्गत कर्मचारियों को उनके आवास गृह और उनके साथ जुडी भूमि (लगभग 31.90 एकड) उनके नाम पर अंतरित किए जाने के संदर्भ में प्राप्त राशि को चालू देनदारियों को अंतर्गत दर्शाया गया है । **इसके परिणामस्वरूप कम्पनी की परिसंपत्तियों और चालू देनदारियों को भी अधिक दर्शाया गया है ।**	आवास गृहों को बेचने से प्राप्त राशि के अंतर्गत स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति लाभ योजना के अंतर्गत कम्पनी के भूतपूर्व कर्मचारियों को बेची गयी आवस गृहों की सीमा तक की राशि सम्मिलित है क्योंकि आसपास की जुडी हुई भूमि के स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए औपचारिकताएँ पूरी नहीं हुई हैं । कर्मचारियों से प्राप्त राशि को चालू देनदारियों के अंतर्गत दर्शाया गया है ।
4	लेखों पर **टिप्पणी संख्याओं 14.6, 14.2 और 14.3** के अनुसार 340 टन स्वर्ण अयस्क, मिलों के आसपर सतह पर पडे हुए रेत के ढेरों जिसके अंतर्गत लगभग 13,200 कि.ग्रा स्वर्ण उपलब्ध होने की बात कही गयी, 14 नग स्वर्ण कण युक्त अयस्क के नमूने जिसके अंतर्गत 12,386 ग्राम स्वर्ण (सकल भार) उपलब्ध होने की बात कही गयी है और प्रयोगशालाओं के प्लाटिनम के क्रूसिबुल बैंक के लाकरों में रखा गया है और जिनके मूल्य का निर्धारण और प्राप्य मूल्य का पता नहीं है, को लाखों के अंतर्गत नहीं लिया गया है । **आवश्यक जानकारी के अभाव में लेखा विवरणों पर पडनेवाले प्रभाव के बारे कोई टिप्पणी करने की स्थिति में नहीं हैं ।**	लेखा नीतियों के अनुच्छेद 9 (5) (वस्तुसूची का मूल्यांकन) के अनुसार वर्ष के अंत में मिलों के पास पडे हुए अयस्क के स्टाक का मूल्यांकन नहीं किया गया है । अन्य मदों के मूल्यांकन के संदर्भ में, सूचित किया जाता है कि उनके निपटान की कार्यवाही लंबित होने के कारण लेखा प्रयोजनों के लिए उनका मूल्यांकन नहीं किया गया है और यह मामला लेखों पर टिप्पणी संख्या 27 के अंतर्गत बताए अनुसार अब न्यायालय के अधीन है ।

5	लेखों पर टिप्पणी संख्या 27.5 और 27.2 अनुसार अग्रिम, फुटकर देनदार, ऋणदाताओं की समीक्षा/समाधान नहीं किया गया है और परिणामस्वरूप संदिग्ध देनदारों/अग्रिम, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान की व्यवस्था नहीं की गयी है । **आवश्यक जानकारी के अभाव में हम इस की कुल राशि के आकलन की स्थिति में नहीं है और तुलनपत्र में इस संबंध में बताई गयी राशि के सही होने बारे हम कोई टिप्पणी करने कर स्थिति में नहीं है ।**	दीर्घकाल से लंबित अग्रिम, देनदार और फुटकर ऋणदाता के आंकडोंकी समीक्षा की गयी दो दशक अधिक अवधि तक नहीं हुई के लिए वर्ष 2020–21 की लेखा बहियों में आवश्यक समायोजना किया जाएगा । अपुष्ठीकृत शेष मामलों को कानूनी सलाह के प्रश्चात बट्टे खाते डाले जाने है के उपाए किए जाएँगे क्यों कि कम्पनी की परिसंपत्तियॉ और देनदारियॉ न्यायालयाधीन है ।
6	लेखों पर **टिप्पणी संख्या 27.5.3** के अनुसार एमएसएमईडी की देयताओं का वर्गीकरण नहीं किया गया है और एमएसएमईडी अधिनियम 2006 की धारा 22 का अनुपालन नहीं हुआ है ।	टिप्पणी संख्या 27 अंतर्गत बताए अनुसार कम्पनी के सभी कार्यकलापों को बन्द कर दिए जाने से इसका अनुपालन लागू नहीं है ।
7	कम्पनी द्वारा अक्तूबर, 2019 के दौरान स्थाई परिसंपत्तियों और वस्तुसूची, अचल संपत्ति को छोडकर, का भौतिक सत्यापन कराया गया है । कम्पनी द्वारा किया गया भैतिक सत्यापन स्थायी परिसंपत्तियों और वस्तुसूची रजिस्टर के साथ मेल नहीं खा रहा है । कम्पनी इन विसंगतियों का पता नहीं लगा पाई है । **इसके परिणामस्वरूप हम कम्पनी के लेखा विवरणों में पडने वाले प्रभाव का अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं ।**	स्थायी परिसंपत्तियॉ और वस्तुसूचियॉ (भूमि और भवनों को छोडकी) कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश में कम्पनी के विभिन्न स्थानों पर रखी गयी हैं, जिसका सत्यापन कम्पनी द्वारा तैनात एक बाहरी अभिकरण द्वारा अक्तूबर, 2019 के दौरान किया गया है । भौतिक सत्यापन रिपोर्ट का मिलान लेखा पुस्तिकाओं के साथ करने का कोई प्रयास कुछ व्यावहारिक कारणों यथा, सुरक्षा करणों से पिछले 20 वर्षों के दौरान परिसंपत्तियों के रखे जाने के स्थानों को बदलने, संयंत्र और मशीनरी को पता लगा सकने वाले विशिष्ठ श्रमशक्ति के अभाव आदि कारणों से नहीं किया गया है । स्क्रैप के अंतर्गत पडी हुई सामग्री के निपटान का निर्णय लिए जाने के प्श्चात ही विभिन्न स्थानों पर रखी हुई संपत्तियों और भण्डार सामग्री की मात्रा का मूल्याकन किया जा सकेगा और यह मामला न्यायालयाधीन है ।
8	लेखों पर **टिप्पणी संख्या 14.1** के अनुसार स्क्रैप किए गए ताम्बें के तार के रस्सों स्थायी परिसंपत्तियों के सत्यापन के दौरान नहीं पाए गा हैं ।	टिप्पणी संख्या 14.1 के अंतर्गत बताए गए ताम्बे के रस्से, जिनका उल्लेख सत्यापन रिपोर्ट में ताम्बे के तार के रोल के रूप में किया गया है, का पता केन्द्रीय कारखाना (विद्युत) के चार कमरों में लगाया गया है ।

9	लेखों पर **टिप्पणी संख्या 14.5** के अनुसार वस्तुचूसी में इस्तेमाल से हटाए गए तार (4 मेट्रिक टन) और बेचे गए रसायनों, जिसे कम्पनी के लेखों के अंतर्गत ही रखा गया है, का पता स्थायी परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन के रिपोर्ट के अंतर्गत नहीं लग रहा है ।	लेखों पर टिप्पणी संख्या 14.5 के अंतर्गत उल्लिखित इस्तेमाल से हटाए गए तार को भौतिक सत्यापन रिपोर्ट में नन्दी दृग मुख्य भण्डार भवन में पनडुब्बी तार के रूप में पता लगाया गया है ।
10	हमें दी गयी जानकार के अनुसार कम्पनी के पास कम्पनी के उपनगर में 797 वाणिज्यिक आवास मौजूद हैं जिनमें से 350 आवास लीज पर दिए गए हैं । लीज की समयावधि समाप्त हो जाने के बावजूद ये आवास लीजधारियों के पास ही हैं । कम्पनी द्वारा समयावधि समाप्त लीज की शर्तों पर ही किराया वसूल किया जा रहा है । **इसके परिणामस्वरूप हम कम्पनी के लेखा विवरणों में पडने वाले प्रभाव का अनुमान नहीं लगा पा रहे हैं ।**	कम्पनी द्वारा इन लीज अनुबन्धों को नियमित किए जाने का कार्य शीघ्र गति से किया जा रहा है और नियमों के अनुसा जहॉ भी संभव हो उन्हें उन आवासों से हटाने का प्रयास किया जा रहा है ।

निदेशक मण्डल के लिए और उनकी ओर

(अनुपम एस अग्निहोत्री)
प्रबन्ध निदेश

दिनांकः **27-11-2020.**

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए मेसर्स भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की टिप्पणी

कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अनुसार वित्तीय प्रतिवेदन तैयार तैयार किए जाने के लिए जो प्रक्रिया निर्धारित की गयी है उसके अनुसार 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए मेसर्स भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, से संबंधित वित्तीय विवरणों को तैयार करना उक्त कम्पनी के प्रबन्धन का ही दायित्व है । कम्पनी अधिनियम की धारा 139 (5) के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सनदी लेखाकारों का दायित्व कम्पनी अधिनियम की धारा 143 के अनुसार कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर अपना विचार व्यक्त करना मात्र है जो कम्पनी अधिनियम की धारा 143 (10) के अनुसार सनदी लेखाकारों के लिए निर्धारित मानकों और स्वतंत्र लेखा परीक्षा प्रक्रिया के अनुसार हो । यह सूचित किया गया है कि उक्त स्वतंत्र लेखा परीक्षकों द्वारा अपने संशोधित लेखा परीक्षा प्रतिवेदन इसी पद्धति के अनुसार दिनांक 12 सितम्बर, 2020 को तैयार किया गया है ।

मैं ने भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक की ओर से मेसर्स भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर कम्पनी अधिनियम की धारा 143 (6)(क) के अनुसार कोई अनुपूरक लेखा परीक्षा न करने का निर्णय लिया है ।

भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक
के लिए और उनकी ओर से

ह0 एम.एस. सुब्रहमण्यम
महा निदेशक, वाणिज्य लेखा परीक्षा
हैदराबाद

हैदराबाद
दिनांकः 21 दिसम्बर, 2020.